तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 283 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 13 जुलाई 2024 डाक 14 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की

देश-विदेश

सोनीपत में हिमांशु भाऊ गैंग के तीन शूटर ढेर दिल्ली और हरियाणा पुलिस का बड़ा एनकाउंटर

फीचर पेज

बारिश के मौसम में फूलगोभी में होने लगते हैं कीड़े खाने से पहले साफ करके ऐसे पकाएं

केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को दी दिल्ली के एलजी की तरह शक्तियां

जम्मू, 13 जुलाई [एजेंसी]।

जम्मू- कश्मीर को भी दिल्ली जैसे संवैधानिक अधिकार मिलेंगे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को भी अब दिल्ली के एलजी की तरह की प्रशासनिक शक्तियां मिलेंगी। अब जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बिना उपराज्यपाल की इजाजत के ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं कर पाएगी। न्यूज एजेंसी के अनुसार, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति देने के लिए जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन किया। एमएचए ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को अधिक शक्ति देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं। जब से जम्मू और कश्मीर का पुनर्गठन किया गया है तब से वहां चुनाव नहीं हुए हैं। लेकिन जब भी जम्मू और कश्मीर में चुनाव होंगे, तो सरकार का गठन होगा। चुनी हुई सरकार से अधिक शक्तियां उपराज्यपाल के पास ही रहेंगी। यह शक्तियां वैसी ही होंगी जैसे दिल्ली के उपराज्यपाल के पास हैं।

सीएम विष्णुदेव साय अयोध्या धाम पहुंचे

अयोध्या। सुबह रायपुर से रवाना हुए सीएम विष्णुदेव साय अयोध्या धाम पहुंच चुके है। सीएम ने अपने एक्स पर लिखा, चेहरे पर मुस्कान, जिव्हा पर प्रभु श्रीराम का नाम लेकर पहुंच चुका हूं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पावन अयोध्या धाम। इस दौरान सीएम ने कहा, प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रभु से कामना करेंगे। सीएम साय प्रभु श्री राम के लिए माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण के मीठे बेर और पानी लेकर पहुंचे है। प्रभु को विष्णु भोग चावल, सीतापल्लव और मिष्ठान्न के लिए अईरसऔर करी लड्डू का भोग लगाएंगे। प्रभु की वस्त्र सज्जा के लिए स्थानीय कोसे से वस्त्र भी रखे है।

यूएस ने दी धमकी तो एक्शन में आए एनएसए डोभाल अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार को घुमा दिया फोन

नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।

जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की यात्रा से वापस लौटें हैं, तभी से अमेरिका कुछ नाराज होता नजर आ रहा है। दरअसल, पीएम मोदी के रूस यात्रा से अमेरिका काफी नाराज है। भारत में तैनात अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का धमकी भरा लहजा भारत को कतई पसंद नहीं आया है। वहीं, अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने भी चेताया था कि भारत का एक लंबे समय तक रूस पर भरोसा करना बिल्कुल सही नहीं है। दरअसल, दिल्ली में एक कार्यक्रम में एरिक ने कहा था कि भारत-अमेरिका के संबंध पहले से कहीं अधिक व्यापक और गहरे हैं, लेकिन ये इतने गहरे भी नहीं हैं कि इन्हें हल्के में लिया जाए। अमेरिकी राजनयिक के ये तीखे शब्द प्रधानमंत्री मोदी के रूस और ऑस्ट्रिया की दो देशों की यात्रा समाप्त करने के बाद दिल्ली पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद आई थी।

हालांकि, अब भारत ने भी इस तीखे बोल पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकर अजित डोभाल ने शुक्रवार को जैक सुलिवन के साथ फोन पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों के बीच हुई बातचीत की जानकारी देते हुए बताया कि डोभाल और सुलिवन के बीच शांति और सुरक्षा की दिशा में वैश्विक चुनौतियों से निपटने पर बातचीत हुई। इसके अलावा भारत और अमेरिका के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के सामूहिक काम करने की जरूरत को भी दोहराया।

14 दिन में 2.80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

जम्मू। अमरनाथ यात्रा 2024 लगातार जारी है। पिछले 14 दिनों में 2.80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। आज 4 हजार 669 यात्रियों का एक और जत्था घाटी के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा कि 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से 2.80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यात्रा की है। शनिवार को 4,669 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, इनमें से 1,630 यात्री 74 वाहनों के सुरक्षा काफिले में उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप जा रहे हैं, वे सुबह 3.05 बजे जम्मू से रवाना हुए। 3,039 यात्रियों का एक और समूह 109 वाहनों के सुरक्षा काफिले में सुबह 3.57 बजे दक्षिण कश्मीर के तुम्बाल (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण संग पांच गिरफ्तार, आईटी के पूर्व अफसर के किराए पर लिए घर में चल रही थी डील

देहरादून, 13 जुलाई [एजेंसी]।

देहरादून पुलिस ने संदिग्ध रेडियोएक्टिव उपकरण की खरीद फरोख्त करते पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उपकरण की डील पूर्व आयकर आयुक्त श्वेताभ सुमन के बंगले पर (जिसे आरोपियों ने किराये पर लिया था) की जा रही थी। शुरुआत में उपकरण की जांच एसडीआरएफ ने की। इसके बाद नरौरा एटॉमिक पावर स्टेशन की रेडिएशन रिस्पांस टीम ने प्रथमदृष्ट्या रेडियोएक्टिव पदार्थ न होने की पुष्टि की है। हालांकि, कुछ रसायन इससे मिलते जुलते हो सकते हैं। उपकरण को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर भेजा रहा है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोगों के पास एक रेडियो एक्टिव उपकरण है या पदार्थ जिसकी खरीद-फरोख्त की बात की जा रही है।

राजपुर पुलिस को भेजा गया तो मकान में पांच लोग मिले। इनके पास मिले उपकरण पर रेडियोग्राफी कैमरा और निर्माता का नाम बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटॉप टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, बीएआरसी/बीआरआईटी, वाशी कॉम्प्लेक्स सेक्टर-20 वाशी नवी मुंबई लिखा हुआ है। एक काले रंग का बॉक्स भी मिला। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि इसे खोलने पर रेडिएशन फैलने का खतरा हो सकता है।

इकोनॉमिक्स का प्रोफेसर धोखाधड़ी में गिरफ्तार, उसके पास मिली 1,200 करोड़ रुपये की संपत्ति... ऐसे फंसाता था जाल में

रायपुर, 13 जुलाई [एजेंसी]।

करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपित सी-शोर ग्रुप चिटफंड कंपनी के संचालक प्रशांत कुमार दास को भुवनेश्वर से रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दास मैजेस्टिक एपार्टमेंट शांति नगर, थाना लक्ष्मी सागर, भुवनेश्वर जिला खुर्दा (ओडिशा) का निवासी है। वह 12 साल से फरार था। ओडिशा में आरोपित की कंपनी के नाम पर अलग-अलग स्थानों पर स्थित 400 एकड़ भूमि, फैक्ट्री, मकान, वाहनों और सोना-चांदी को क्राइम ब्रांच ओडिशा और ईडी द्वारा जब्त कर जांच की कार्रवाई की जा रही है।

सीबीआई भी इस मामले की जांच कर रही है। आरोपित के विरुद्ध पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ ही आरओसी के 400 प्रकरण विभिन्न न्यायालयों में दर्ज हैं, जिनकी जांच की जा रही है। आरोपित की संपत्ति लगभग 1,200 करोड़ रुपये की है। वह ओडिशा के मामले में पांच वर्ष जेल काट चुका है। सी-शोर ग्रुप आफ कंपनी के निवेशकों और एजेंटों ने वर्ष 2013 में थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सी-शोर रूप आफ सिक्यूरिटी लिमिटेट, भुनेश्वर व कटक में स्थित है। डॉयरेक्टर प्रशांत कुमार दास, अध्यक्ष एलएलएन दास और ब्रांच मैनेजर दिलीप मोहंती द्वारा थाना सिविल लाइन, रायपुर में 2007 में किराए में मकान लिया गया था। मार्च, 2007 में सिमरन होटल और अन्य स्थानों पर सेमिनार आयोजित कर एजेंटों को जमा राशि में एक वर्ष में 12 प्रतिशत और छह वर्ष में 24 प्रतिशत का लाभांश, आकर्षक कमीशन और विदेश घुमाने का प्रलोभन देकर लगभग 370 निवेशकों से चार करोड़ रुपये निवेश कराया गया।

मयूरभंज में ट्रक में जा घुसी तीर्थयात्रियों से भरी बस, ड्राइवर समेत तीन की मौत, 20 घायल

- बस ड्राइवर को नींद आने के कारण हादसे की आशंका
- घटना के बाद ट्रक रोड पर खड़ा करने वाला चालक फरार
- हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

भुवनेश्वर, 13 जुलाई [एजेंसी]।

मयूरभंज जिले के बेतनटी थाना अन्तर्गत बुढ़ीखमार चौक के समीप आज भोर के समय एक दर्दनाक हादसा हुआ है। एक ट्रक को पीछे से एक तीर्थयात्री बस ने टक्कर मार दी, जिससे तीन यात्रियों की मृत्यु हो गई है जबकि 20 यात्री घायल हैं। बस में कुल 23 यात्री सवार थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतकों के बीच 2 पुरुष हैं, जबकि एक महिला हैं। घायलों में पुरुष-महिला एवं बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक हैदराबाद से तीर्थयात्रियों को लेकर बस गया जा रही थी। बूढ़ीखमार चौक के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। बस ने शनिवार सुबह तड़के ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि बस में 23 श्रद्धालु सवार थे। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। माना जा रहा है कि हादसा बस चालक को नींद आने के कारण हुई है।

पटना के मैरेज हॉल में खूनी खेल, दूल्हे के भाई और बहनोई को गोलियों से भूना, दोनों की मौत

दानापुर (पटना)। राजधानी पटना में खूनी वारदात को अंजाम दिया गया। दानापुर में खगौल रोड स्थित एक मैरेज हॉल में देर रात हथियार बंद अपराधियों ने शादी समारोह के दौरान दूल्हे के बड़े भाई और बहनोई को गोली मारकर हत्या कर दी।हस दानापुर के वक्त मैरेज हॉल के अंदर जयमाल चल रहा था। इसी दौरान मैरेज हॉल के बाहर चार बाइक पर बैठे आठ की संख्या में बदमाशों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज सुन दूल्हे के चाचा बाहर आये तो देखा दो लोगों को गोली लगी है। बदमाशों ने जब उनपर भी फायरिंग की तो वे हॉल के अंदर भागे।

दो समूहों के बीच झड़प, दुकानों में तोड़फोड़- आगजनी की खबर, इलाके में हड़कंप

त्रिपुरा, 13 जुलाई [एजेंसी]।

त्रिपुरा के गंडाचेरा इलाके में कल रात को दो समूहों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दूसरे समूह ने दुकानों में तोड़फोड़ करते हुए आगजनी कर दी। झड़प के बाद स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी है और सीआरपीएफ के साथ-साथ टीएसआर के जवानों को तैनात कर दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक युवक की मौत के बाद तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ दिन पहले मेले में दूसरे गुट ने युवक की पिटाई कर दी थी। घायल युवक की कल अगरतला के एक अस्पताल में मौत हो गई और जब उसका शव गंडाचेरा ले जाया गया तो इलाके में तनाव फैल गया। इसके बाद दूसरे समूहों की कुछ दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। धलाई के जिला मजिस्ट्रेट सजु वाहिद ने कहा, सभी चार लोग जो मौत के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जिस व्यक्ति पर हमला किया गया था उसकी शुक्रवार को मौत हो गई. शव को वापस लाया गया। कानून और व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हमने सुबह से निषेधाज्ञा 144 लागू कर दी है।

नाइजीरिया में भरभराकर गिरी स्कूल की इमारत

22 छात्रों की दर्दनाक मौत

अबुजा (नाइजीरिया)। अफ्रीकी देश नाइजीरिया में एक स्कूल की इमारत ढहने से 22 छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उत्तर-मध्य नाइजीरिया में सुबह तब हुआ जब बच्चों की क्लास चल रही थी। हादसे के बाद बचाव दल को मलबे में फंसे 100 से ज्यादा लोगों बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जब यह हादसा हुआ उस समय छात्र सेंट्स

एकेडमी कॉलेज पहुंचे ही थे कि तभी स्कूल की इमारत भभराकर ढह गई। मरने वाले छात्रों की उम्र 15 साल से कम बताई गई है। कुल इमारत ढहने के बाद मलबे में 154 छात्र फंसे हुए थे, लेकिन उनमें से 132 छात्रों को बचा लिया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने हादसा होते ही बचाव और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर तैनात कर दिया।

नाइजीरियाई सरकार ने जल्दी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों को बिना किसी दस्तावेज या भुगतान के इलाज शुरू करने का निर्देश दिया। सरकार ने इस त्रासद हादसे के लिए स्कूल की कमजोर बनावट और नदी के किनारे स्थित होने को जिम्मेदार ठहराया है।

गोवा के क्लब में गलत हरकत करने पर आईपीएस ऑफिसर हुआ था सस्पेंड, अब 11 महीने बाद राष्ट्रपति मुर्मु ने रद्द किया निलंबन

नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।

गोवा में एक महिला टूरिस्ट के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने के लिए 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, 11 माह बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनका निलंबन रद्द कर दिया है। साथ ही केंद्र सरकार ने ऑफिस का ट्रांसफर गोवा से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह कर दिया है। अधिकारी ए कोआन को पिछले साल 16 अगस्त को राष्ट्रपति मुर्मू ने निलंबित कर दिया था, जब गोवा पुलिस ने गृह मंत्रालय में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें ऑफिसर पर आरोप था कि उन्होंने उत्तरी गोवा के एक बीच क्लब में एक महिला टूरिस्ट के साथ दुर्व्यवहार किया था।

पुलिस ने आरोप लगाया है कि एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर के कोआन घटना के समय कथित तौर पर नशे में थे। पिछले साल गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने विधानसभा में कहा था कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

बंदूक लहराकर किसानों को धमकाने का मामला, आईएएस पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एफआईआर

पुणे, 13 जुलाई [एजेंसी]।

महाराष्ट्र की पुणे ग्रामीण पुलिस ने आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आईएएस अधिकारी के परिजनों पर किसानों को धमकाने का आरोप है। पुलिस ने आईएएस पूजा खेडकर की माता मनोरमा खेडकर और पिता दिलीप खेडकर समेत पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने आईपीसी की धारा 323, 504 और 506 के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि आईएएस पूजा खेडकर भी बीते कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह बंदूक हाथ में लेकर लोगों को धमकाते नजर आई थी। शुक्रवार शाम को पुलिस ने कहा था कि वह इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आईएएस पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर ने पुणे की मुलशी तहसील के गांव धाडवाली में एक जमीन खरीदी थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि खेडकर ने अपनी जमीन के साथ ही अन्य किसानों की जमीन पर भी कब्जा कर लिया है।

इसी विवाद में हाल ही में मनोरमा खेडकर का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें उनके साथ उनके सुरक्षाकर्मी भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वह किसानों से तीखी बहस करती दिख रही हैं। इस दौरान वह एक व्यक्ति पर चिल्लाई और उन्होंने अपने पिस्तौल निकालकर हवा में लहराई। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या मनोरमा खेडकर के पास बंदूक का लाइसेंस है या नहीं। एक किसान कुलदीप पासलकर का आरोप है कि मनोरमा खेडकर ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की, उन्होंने अन्य किसानों को भी धमकाने का प्रयास किया। किसान ने बताया कि मनोरमा खेडकर कई सुरक्षाकर्मियों के साथ उनके प्लॉट पर पहुंची और हाथ में हथियार लेकर हमें धमकाना शुरू कर दिया।

प्रावधानों के तहत सफाई कर्मियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : एम. वेंकटेशन

अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों से वन टू वन चर्चा कर जानी उनकी समस्याएं

कोरबा । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष श्री एम. वेंकटेशन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सफाई कार्य से जुड़े विभागीय अधिकारियों, सार्वजनिक उपक्रम बाल्को, एनटीपीसी, एसईसीएल सहित अन्य उपक्रमों के अधिकारी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सफाई कार्य कराने वाले एजेंसी के संचालकों, ठेकेदारों और संबंधित सफाई कर्मियों से चर्चा कर सफाई कर्मचारियों को दी जा रही वेतन, सफाई सामग्री, यूनिफॉर्म, सुरक्षा उपकरण, पीएफ, ईएसआईसी कार्ड के संबंध में जानकारी ली। अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों को एजेंसी द्वारा एग्रीमेंट के तहत सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। एग्रीमेंट का पालन नहीं करने वाली एजेंसियों के विरूद्ध उन्होंने कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने सफाई कर्मियों का श्रम कार्ड बनाने तथा शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आयोग के अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सफाई कर्मचारियों यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने नगर पालिक निगम कोरबा, एसईसीएल सहित अन्य क्षेत्रों में एजेंसी के माध्यम से सफाई करने वाले कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम अंतर्गत संबंधित संचालक/ठेकेदारों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ सफाई कार्य करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित राशि उनके खाते में प्रदान करें। कर्मचारियों को अवकाश प्रदान करने के साथ ही उन्हें पीएफ और बीमा का लाभ अवश्य दें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को 07 दिवस के भीतर यूनिफॉर्म, रेनकोट, सुरक्षा उपकरण, आईडी कार्ड प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा मिशन क्लीन सिटी में कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी को समय पर वेतन एवं अवकाश नहीं मिलने की जानकारी दी गई। इस संबंध में निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा बताया गया कि बैंक द्वारा केवाईसी की प्रक्रिया कराई जा रही थी। दस्तावेजों के अभाव में कुछ स्वच्छता दीदीयों को वेतन में विलंब हुआ है। इस संबंध में कलेक्टर श्री वसंत ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि संबंधित सुपरवाईजरों की ट्रेनिंग आयोजित कर उन्हें महीने की 05 तारीख तक अनिवार्य रूप से स्वच्छता दीदीयों का डाटा प्रस्तुत कराया जाए। वेतन में विलंब होने पर संबंधित सुपरवाइजरों पर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने स्वच्छता दीदीयों के अवकाश के संबंध में की गई मांग पर राज्य शासन से पत्राचार पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता कार्य से जुड़े लगभग 715 कर्मचारियों का सुरक्षा बीमा नहीं होने की जानकारी सामने आने पर जिला प्रशासन द्वारा ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा बीमा का प्रीमियम जमा करने हेतु पहल करने की बात कही है। बैठक में मैन्युल स्कैवेंजिंग वाले कर्मचारियों की सूची तैयार करने और बिना प्रशिक्षण तथा सुरक्षा सामग्री के सफाई का कार्य नहीं कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छता दीदीयों का श्रम कार्ड बनाने शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक नियमित आयोजित करने, सफाई कार्य कराने वाले ठेकेदारों के पास उपलब्ध मशीनों की जानकारी तथा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने शिकायत रजिस्टर रखते हुए सूचना बोर्ड के माध्यम से संबंधित अधिकारियों का नाम उल्लेख करने के निर्देश दिए। बैठक में सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्री सचिन मिश्रा तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

दूरभाष नंबर पर की जा सकती है शिकायत -

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष श्री एम. वेंकटेशन ने बैठक में सफाई कर्मचारियों को किसी प्रकार की शिकायत होने पर आयोग की वेबसाइट और दूरभाष नंबर 011-24648924 पर फोन करने कहा है।

बीएससी नर्सिंग परीक्षा 14 जुलाई को

कोरबा । छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग परीक्षा 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को सुबह 10 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में 2147 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिले में कुल 05 परीक्षा केंद्र 2201-शासकीय ईवीपीजी कॉलेज कोरबा, 2202-आईटी कॉलेज झगरहा, शासकीय 2203-मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, 2204-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा टी. पी. नगर, तथा 2202-श्री अग्रसेन महाविद्यालय दर्री रोड निर्मित हैं।परीक्षा में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्काफ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना पूर्णत: वर्जित है। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है। गेट बंद होने के पश्चात् केंद्र में प्रवेश हेतु अनुमति नहीं मिलेगी। परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में समय से 15 मिनट पूर्व पहुंचना अनिवार्य है, विलंब से आने पर कक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बिना प्रवेश पत्र एवं मूल फोटो पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पहचान पत्र हेतु वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, महाविद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र आदि मान्य होंगे।परीक्षा केंद्रो के आकस्मिक निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल में श्री पी. एल. मिरेन्द्र कृषि विस्तार अधिकारी, संजीव खाखा व्याख्याता एवं श्रीमती रितु श्रीवास्तव व्याख्या शामिल होंगे। परीक्षा केंद्र में समस्त परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा दिवस पर कार्यालय कलेक्ट्रेट कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 परीक्षा शाखा/वरिष्ठ लिपिक शाखा में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसमें नोडल अधिकारी श्री टी. आर. भारद्वाज तथा सहायक नोडल अधिकारी श्री एच. आर. मिरेन्द्र होंगे।

प्रयास विद्यालय अंतर्गत कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 21 जुलाई को

कोरबा । प्रयास आवासीय विद्यालय अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 21 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे से 01:30 बजे तक किया जाएगा। जिले में कुल 174 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 139 आवेदन पात्र पाए गए एवं 35 आवेदन अपात्र पाए गए। पात्र विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र डेल्टा पब्लिक स्कूल बिलासपुर (पुराना हाईकोर्ट के सामने) को बनाया गया

विद्यार्थियों ने पेपर बैग के आधिकाधिक उपयोग कर पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का दिया संदेश

कोरबा। दुनियाभर में हर साल 12 जुलाई के दिन विश्व पेपर बैग डे मनाया जाता है। इस दिन पर पर्यावरण से होने वाले नुकसानों को रोकने और लोगों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करके पेपर बैग के इस्तेमाल को लेकर प्रेरित किया जाता है।इस वर्ष की थीम है- यदि आप प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं तो पेपर बैग का उपयोग करें। 12 जुलाई को, इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका में पर्यावरण के अनुकूल पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्री-प्राइमरी विंग में पेपर बैग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और संधारणीय विकल्पों को अपनाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। छात्रों ने प्रिंसिपल, सीनियर और प्राइमरी और प्री प्राइमरी विंग के अकादमिक समन्वयक, शिक्षकों और आया दीदी और चपरासी सहित सभी सहायक कर्मचारियों को हस्तनिर्मित पेपर बैग वितरित करने की पहल की। दिन का मुख्य आकर्षण आकर्षक कार्यशालाएँ थीं जहाँ छात्रों को पेपर बैग बनाने की कला सिखाई गई। इन व्यावहारिक गतिविधियों ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण के बारे में बहुमूल्य कौशल और ज्ञान प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, प्लास्टिक के पर्यावरणीय प्रभाव और पेपर बैग के उपयोग के लाभों के बारे में छात्रों की समझ को गहरा करने के लिए कई अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

प्री प्राइमरी शिक्षिकाओं के प्रयासों से छात्रों ने न केवल संधारणीयता के बारे में सीखा बल्कि हमारे स्कूल समुदाय के भीतर पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्धता की सीख दी गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि आइये हम सब भी मिलकर हरित एवं सुन्दर भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखें।इस दिन का उद्देश्य प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है. यह दिन हमारे पर्यावरण पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है।दरअसल, पेपर बैग के इस्तेमाल से हम अपने पर्यावरण को दूषित होने से तो बचा ही सकते हैं, इसे बड़ी ही आसानी से रियूज और रीसायकल भी कर सकते हैं. अगर हर इंसान प्लास्टिक की बजाय पेपर बैग का इस्तेमाल करना शुरू कर दें तो पर्यावरण की सबसे बड़ी समस?या हम बड़ी आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।कागज़ के बैग बायोडिग्रेडेबल होते हैं, जिसका मतलब है कि वे समय के साथ स्वाभाविक रूप से विघटित हो सकते हैं , प्लास्टिक बैग के विपरीत जो सैकड़ों वर्षों तक पर्यावरण में बने रह सकते हैं। यह बायोडिग्रेडेबिलिटी लैंडफिल और पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक प्रभाव को काफी कम कर देती है।आइए हम सभी संकल्प लें कि हम अपनी प्रकृति मां की सुरक्षा करेंगे एवं आधिकाधिक पेपर बैग का उपयोग कर उसे सजाएंगे संभालेंगे और संवारेंगे। हम आज के बाद किसी भी प्रकार के प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल नहीं करेंगे। हम आसपास के सभी लोगों को भी जागरूक करेंगे।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, प्रेमी प्रेमिका ने की थी वसीम की हत्या, दोनो गिरफ्तार

कोरबा। पैसों के लालच में अवयस्क बालिका ने अपने पूर्व प्रेमी को पहले विदेश से बुलवाया फिर अपने नए प्रेमी के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी?. यही नहीं उसके 17 टुकड़े किए और बोरी और बैग में भरकर यहां वहां फेंक दिए?आरोपियों ने बड़ी बड़े ही प्लानिंग के साथ इस घटना को अंजाम दिया था और यह सोचा था कि अपराध करने के बाद वह बच के निकल जाएंगे लेकिन ऐसा हो ना सका।

कहते हैं ना कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं यहां भी वही साबित हुआ.. कोरबा पुलिस ने अपनी सूझबूझ और चालाकी से आरोपियों को धर लिया है.

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 10.07.2024 को सूचना मिली कि गोपालपुर चौकी चैतमा के डेम से बोरी में कटे हुये कई टुकड़ो में शव मिला जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को किसी धारदार हथियार से टुकडो-टुकड़ो में काट कर डेम में फेंक दिया गया था। सूचना पर थाना पाली में मर्ग क्रमांक 90/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही पंचनामा में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा, एसडीओपी कटघोरा श्री पंकज ठाकुर, एफएसएल सीन ऑफ क्राईम युनिट कोरबा के प्रभारी सत्यजीत कोसरिया एवं थाना पाली/चौकी चैतमा सहित सायबर टीम को इस मामले का खुलासा करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देश पर उपरोक्त अधिकारियों की टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर कार्यवाही पंचनामा की गई। मृतक का शव दो बोरियों के साथ-साथ एक पिठट्ठुमा बैग में गोपालपुर डेम से बरामद किया गया। शव के टुकड़ो के साथ मिले आधार कार्ड, पासपोर्ड एवं फ्लाईट टिकिट के आधार पर मृतक की पहचान

मोहम्मद वसीम अंसारी पिता मो. जमीर अंसारी उम्र लगभग 26 साल निवासी कांतातोला रांची झारखण्ड के रूप में हुई। मो. वसीम पिछले दो वर्षो से सउदी अरब में रह रहा था। मृतक के जुड़े पहलुओं की जांच पर यह तथ्य उजागर हुआ कि मृतक की सोशल मिडिया के माध्यम से ग्राम बांसटाल चैतमा थाना पाली की एक अवयस्क बालिका से परिचय हुआ था जो एक-दूसरे से चैटिंग करते रहते थे। अवयस्क

बालिका और आरोपी रजा खान पिता अब्दुल सत्तार खान उर्फ बादशाह उम्र-20 वर्ष निवासी-बांसटाल चैतमा थाना-पाली जिला कोरबा एक-दूसरे को चाहते थे। अवयस्क बालिका द्वारा रजा खान को पूर्व प्रेमी मो. वसीम के सउदी अरब से वापस आने की जानकारी बताई गई जिस पर यह सोचकर की विदेश से आ रहा है तो काफी रूपये पैसे लेकर आ रहा होगा। इसी चाहत में मो. वसीम अंसारी के दिनांक 01.07.2024 को फ्लाईट से दिल्ली और दिल्ली से रांची और दिनांक 02.07.2024 को ट्रेन से बिलासपुर बुलाया। रजा खान द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये गये बोलेरो वाहन में प्रेमिका बिलासपुर गई और वसीम को लेकर आरोपी रजा खान के घर आ गई। प्लानिंग के अनुसार रात्रि करीब 11:00 बजे आरोपी रजा खान की प्रेमिका और मो. वसीम बाते कर रहे थे कि रजा खान ने पीछे से एक लोहे का कत्ता (मुर्गी काटने वाले) से वसीम अंसारी के गर्दन में पीछे से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वसीम तडपने लगा प्रेमिका वसीम का पैर पकड़े थी और रजा खान ने ताबड़तोड़ वारकर सिर को धड़ से अलग कर दिया फिर दोनों ने मिलकर वसीम के हाथ पैर धड़ को टुकड़े-टुकड़े में कत्ता एवं आरी ब्लेड से काटकर अलग-अलग तीन ब्लास्टिक बोरी, पिठट्ठु बैग एवं एक ट्रॉली बैग में ईंट डालकर बांधकर बांगो डेम में फेंक दिया। सबेरा हो जाने से शव के शेष बचे हिस्सो को घर में छिपाकर रखा था जिसे दिनांक 03.07.2024 की रात्रि लगभग 11:00 बजे स्प्लेंडर मोटर साईकिल से गोपालपुर डेम में फेंक कर घर वापस आ गये। मृतक वसीम द्वारा पहनी हुई सोने की चैन और अन्य सामान घर में छिपा दिया। प्रेमिका को मृतक के मोबाईल का पासवर्ड पता रहने से वसीम के मोबाईल के यूपीआई आईडी चेक करने पर खाते में 03 लाख रूपये था जिसे अपने तथा कुछ अन्य खातों में ट्रांसफर कर प्रेमिका के लिए ज्वेलरी तथा अपने लिए मोबाईल व किराये बोलेरो का पेमेंट कर दिया। आरोपी रजा खान पिता अब्दुल सत्तार उर्फ बादशाह उम्र-20 वर्ष निवासी-बांसटाल चैतमा थाना-पाली जिला कोरबा को गिरफ्तार कर उड़ीसा से ट्राजिट रिमाण्ड पर लाया जाकर आरोपी की निशादेही पर घटना में कत्ता, मोटर सायकल एवं मृतक का मोबाईल जब्त किया गया। आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर प्रकरण की सहअभियुक्ता विधि से संघर्षरत बालिका की सामाजिक प्रास्थिति फार्म भरवाकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

उक्त कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाली निरीक्षक चमन लाल सिन्हा, चौकी प्रभारी चैतमा चन्द्रभाल खाण्डे, विमलेश भगत,_स्ब् पुरूसोत्तम उइके, आरक्षक अनिल कुर्रे, आशीष साहू तथा सायबर टीम के प्रआर राजेश कंवर, चन्द्रशेखर पाण्डेय, आर. रवि चौबे, डेमन ओग्रे, बिरकेश्वर प्रताप सिंह, आलोक टोप्पो, सुशील यादव, मआर. सुशमा डहरिया एवं थाना पाली/चौकी चैतमा के कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।

नए बंगले में शिप्ट हुए महंत

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत आज शंकर नगर रायपुर स्थित अपने नए बंगले पर शिप्ट हो गये है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को शंकर नगर रायपुर में नया बंगला आवंटित हुआ है, जिसका आज शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ पूजन कर गृह प्रवेश कर किया गया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नेता प्रतिपक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस सचिव बी.एन. सिंह, राहुल यादव, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, पूर्व सभापति संतोष राठौर एवं रामकृष्ण साहू, रसपाल संधू, रवि चंदेल, मो. शाहिद सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ लेने आवेदन आमंत्रित

कोरबा । प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार लघु उद्यम की स्थापना हेतु ऋण प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना में प्रकरण विनिर्माण क्षेत्र हेतु परियोजना लागत वाले ऋण अधिकतम 50 लाख तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम 20 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से स्वीकृत कराया जाएगा। लघु उद्यमों के अंतर्गत फ्लाई ऐश ब्रिक्स, राईस मिल, दोना-पत्तल निर्माण, आचार निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ऑटो सर्विस सेंटर, टेंट हाउस, मोबाइल रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, टीवी रिपेयरिंग आदि शामिल हैं। इच्छुक उद्यमी पीएमईजीपी की पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को 18 वर्ष से अधिक आयु, छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी तथा परिवार का कोई भी सदस्य पूर्व में किसी शासकीय योजना/छूट का लाभ न लिया होना अनिवार्य है।

पंप हाउस कोरबा के आंगनबाड़ी केन्द्र में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण

जल शक्ति से नारी शक्ति हेतु जल संचयन की दिलाई गई शपथ

कोरबा ।'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नारी शक्ति से जल शक्ति के संदेश का प्रचार-प्रसार, जल संचयन और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पौधरोपण अभियान एवं महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नगरीय क्षेत्र कोरबा के पंपहाउस स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पूर्व एल्डरमैन नगर निगम श्री राम गोपाल यादव द्वारा पौधरोपण किया गया। उन्होंने सभी आमजनों से अपनी मां के नाम से एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम महिला व बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश, अधीक्षण अभियंता नगर निगम श्री अखिलेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारियों ने भी आंगनबाड़ी परिसर में मुनगा, अमरूद, आंवला जैसे पौधे का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह धरती हमारी मां है, उसकी सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों से प्राणदायिनी ऑक्सीजन मिलता है साथ ही यह जल संरक्षण में भी सहायक है। इस हेतु आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसका बचाव कर अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। श्री यादव ने कहा कि तीन बिदुओं पर यह कार्यक्रम आयोजित की गई है एवं सभी थीम एक दूसरे जुड़े हुए है। नारी शक्ति का जल संचयन के लिए आगे आने पर जल का वास्तविक संरक्षण होगा। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अंतर्गत बालिकाओं के अच्छे

से पालन-पोषण उच्च शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान' का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। जिससे आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति से जल शक्ति का नारा दिया है। जल जीवन का आधार है और महिलाएं परिवार का आधार है। जल और नारी के संरक्षण से ही आने वाले कल को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कटाई से भूमिगत जल स्त्रोत का स्तर लगातार घटते जा रहा है। इस हेतु पानी की हर बूंद को बचाना आवश्यक है। जल संरक्षण हेतु हर घर की महिलाओं में जागरूकता लाना आवश्यक है। तभी जल संरक्षण में मदद मिलेगी। इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिससे जल संरक्षण में महिलाएँ अग्रणी भूमिका निभाएंगी। जल संरक्षण की भांति महिलाओं का सुरक्षा भी आवश्यक है। बालिकाओं को बेहतर जीवन जीने हेतु उन्हें सदैव प्रोत्साहित करते हुए उनके पालन पोषण, खान-पान, शिक्षा-दिक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं के पोषण स्तर को भी उच्च करने का कार्य किया जा रहा है।

'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत जिले में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज पौधे लगाए जा रहे है। साथ ही कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के घरों में भी फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा।कार्यक्रम में जल शक्ति से नारी शक्ति के तहत जल संरक्षण हेतु महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं को जल संरक्षण का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल संरक्षण के उपाय, एवं स्वच्छता के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा महिलाओं को जल शक्ति से नारी शक्ति व जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने हेतु जल संचयन की शपथ भी दिलाई गई।

चोरी करने घर घुसकर हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

डेयरी संचालक के कत्ल की गुत्थी सुलझी

जांजगीर चांपा। चाम्पा में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस सफलता मिली है। चोरी करने घर घुसकर दो ड आरोपियों ने बुजुर्ग की हत्या की थी। ई जेवर और नकदी रकम लेकर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा निवासी डेयरी संचालक छोटेलाल पांडेय का शव 26 जून को उसके घर में मिला था। पास में लाल रंग का वायर पड़ा था। आलमारी टूटा हुआ था। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में वायर से गले की स्वासनली दो दबाने से मृत्यु की बात सामने आई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 450,302,382 का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान मृतक के घर के आसपास के सी सी टीवी कैमरा खंगाले गए। इसके आधार पर पुलिस ने दीपक यादव और शाहिद बेग को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। मृतक छोटेलाल पांडेय के डेयरी दुकान के पास मकान होने से दीपक यादव की उससे जान पहचान थी। दीपक और शाहिद पूर्व में कई बार छोटेलाल के घर जा चुके थे।

आरोपियों को पता था कि 26 जून को छोटेलाल घर में अकेला है। दोनों प्लानिंग कर दोपहर 1 बजे अपने स्कूटी से छोटेलाल के घर पहुंचे। कुछ देर बैठने के बाद बिजली के वायर से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आलमारी का लाकर तोड़कर अंदर से सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमका व नगदी रकम को चोरी कर भाग निकले। पैसा को दोनों ने आपस मे बांट लिया। वहीं लगातार पुलिस के पूछताछ से सोने के जेवर को कुदरी बैराज में पानी में फेंक दिया। पुलिस ने मोदी चौक चाम्पा निवासी 30 वर्षीय दीपक यादव और चाम्पा के शनि मंदिर के पास रहने वाले 26 वर्षीय शहीद बेग को धारा 450,302,382 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

आरोपियों के कब्जे से स्कूटी, मोबाइल लोहे का औजार व केबल वायर तथा 6700 रुपये बरामद किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक नरेश पटेल थाना प्रभारी चांपा, सायबर सेल प्रभारी पारस पटेल, उपनिरीक्षक के डी बनर्जी, एएसआई विवेक सिंह, दिलीप सिंह, मुकेश पांडेय, अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, अजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जसवाल, आरक्षक दिकेश्वर साहू, नितिन द्विवेदी, माखन साहू, संकर राजपूत, पदम राज सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, सायबर सेल जांजगीर से प्रधान आर. मनोज तिग्गा, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, आरक्षक आनंद सिंह, प्रदीप दुबे, मोहमद शाहबाज, गिरीश कश्यप का योगदान रहा।

''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत रोपा आम का पौधा

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने शुक्रवार को नवागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत सुकली की आंगनबाड़ी केंद्र में ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत आम का पौधा लगाया और ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चो में पर्यावरण के प्रति जन- जागरूकता को लेकर संदेश दिया। इसके साथ ही ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' अभियान के तहत जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति देवी सिंह, सुकली सरपंच श्री भोजराम करियारे, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। आकाश छिकारा ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका के साथ ही पौधरोपण करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान से जुड़कर हम सभी मिलकर पानी के महत्त को समझ सकते है और आज की पीढ़ी के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर जागरूक कर सकते है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम पानी को व्यर्थ न बहाए और दिनचर्या में छोटी छोटी चीजों में जल संरक्षण का ख्याल रखते हुए बचत करें। वृक्षारोपण करने के उपरांत उन्होंने बच्चों से आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही प्रारंभिक शिक्षा को लेकर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गौरव, करुणा, देवांश, करण, खुशी, मयंक आदि बच्चों से उनका नाम, गिनती, ए बी सी डी, कविता एवं आगनबाड़ी में दिए जा रहे पोषण आहार के बारे में पूछा। बच्चों ने प्रश्नों का जवाब दिया तो कलेक्टर श्री छिकारा ने खुश होकर उन्हें टॉफी बाटी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को कुपोषित बच्चों, गर्भवती, शिशुवती माताओं के घरों में फलदार पौधों के रोपण का अभियान चलाने, बेटियों के नाम से भी वृक्षारोपण करने कहा।

सरकारी पैसों की बर्बादी . 10 किलोवाट बिजली उत्पादन कर 50 घरों तक पहुंचाने की बनाई थी योजना

जांजगीर। जिले के गोठान में गोबर से बिजली बनाने की योजना बनाई गई थी। योजना के तहत गोठान में बायो प्लांट तैयार किया गया। प्लांट काम पूरा कर लिया है, लेकिन बायो प्लांट में बिजली उत्पाद व सप्लाई शुरू नहीं हो पाई। ऐसे में अब प्लांट बंद होता नजर आ रहा है। प्लांट से 10 किलोवाट बिजली उत्पादन कर गांव के 50 घरों तक पहुंचाने की योजना पर 34 लाख रुपए खर्च किए गए।जिले में जब योजना की शुरुआत हुई तो बायो प्लांट की क्षमता के हिसाब से गोबर से प्रतिदिन 10 किलोवाट बिजली उत्पादन करने की योजना थी। योजना से गांव के 50 घर गोबर से चलने वाले प्लांट से रोशन हो सकते थे। गोठान में बिजली बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च हुए हैं, पर योजना अब बंद पड़ी हुई है। इसे शुरू करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।पूर्व सरकार ने साल 2023 में गोठान में लोगों से गोबर खरीद कर उस गोबर का उपयोग कर बिजली बनाने की योजना बनाई थी। योजना में नवागढ़ जनपद क्षेत्र में आने वाले खोखरा आदर्श गोठान में गोबर से बिजली बनाने के लिए लाखों रुपए की लागत से प्लांट तैयार किया है। उद्देश्य था कि गांव में मवेशियों के गोबर का उपयोग किया जाएगा। लोगों से गोबर की ?खरीदी की जाएगी, उन्हें रोजगार ?दिया जाएगा, लेकिन इस प्लांट से लोगों को कोई फायदा अब तक नहीं मिला है। प्लांट तैयार होने के बाद कुछ ही दिन तक ही इसे चलाया गया, बाकी अब यह योजना बंद होने के कगार पर है। क्रेडा को सौंपा प्लांट चलाने का जिम्मा ट्रखोखरा गोठान में गोबर से बिजली बनाने बायो प्लांट लगाया गया है। बायो प्लांट को चलाने की जिम्मेदारी क्रेडा को सौंपी है। प्लांट चल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। आगे इस योजना पर क्या होगा, यह अभी तय नहीं हुआ है। इन पर खर्च की रकम योजना में सरकार ने करीब 34 लाख रुपए खर्च किए हैं।

विधायक ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया

बलौदा । नगर पंचायत के वार्ड नं 5 में प्रभारी मंत्री निधि व पार्षद निधि मद से नवनिर्मित धीवर समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक राघवेंद्र सिंह ने किया। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष ललिता पाटले ने की। सामुदायिक भवन का फीता काटकर भवन का लोकार्पण करते हुए विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन के हो जाने से समाज के लोगों के साथ साथ वार्ड के लोगों व अन्य सभी लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

कलशयात्रा के साथ पेंड्री में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

जांजगीर चांपा। किसान कश्यप परिवार पेंड्री में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा शोभायात्रा के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए निकाली गई। कथा व्यास पर पं किशोर शर्मा पिसौद चांपा होंगें। वरणीय महराज प्रकाश शर्मा, जगदीश दुबे, चंडगिरी होंगे। प्रतिदिन कथा का समय सुबह 9.30 से 12.30 व शाम 3.30 से 6.30 तक होगा। कथा प्रसंग में 11 जुलाई को भव्य कलशयात्रा शोभायात्रा निकाली गई व गौरी गणेश वेदी पूजन देव आह्वान गौकर्ण कथा महात्म्य सुनाई गई। शुक्रवार 12 जुलाई को कथा प्रारंभ, नारद चरित्र चौबीस अवतार सुकदेव आगमन परीक्षित संवाद, 13 को कपिल अवतार, शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 14 को जडभरत चरित्र, अजामिल कथा, प्रह्लाद चरित्र नरसिंह अवतार, 15 को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामनावतार और रामकथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 16 को श्री कृष्ण बाल लीला पूतना राक्षसी मोक्ष, महारास, गोवर्धन पूजा श्री रूक्मिणी कृष्ण विवाहोत्सव, 17 को श्री द्वारिका लीला, राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र, 18 को श्री कृष्ण उद्धव संवाद, परीक्षित मोक्ष कथा कथा विश्राम चढ़ोत्तरी, 19 को तुलसी वर्षा, य यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन होगा। 20 जुलाई को वार्षिक श्राद्ध महाभंडारा होगा। आयोजन को लेकर लखनलाल कश्यप, रोहनलाल कश्यप, श्रीमती चंद्रकला कश्यप, प्रमोद कश्यप, रमेश कुमार, हरप्रसाद कश्यप, सतबदन कश्यप जुटे हुए हैं। कलशयात्रा शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

रोजगार मेला 16 को, 7233 पदों पर की जाएगी भर्ती

जांजगीर-चांपा। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा द्वारा जिले के शिक्षित एवं प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक लाईवलीहुड कालेज, जांजगीर में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेगा रोजगार मेला में में निजी क्षेत्र के 11 सेक्टरों में 30 निजी नियोजको द्वारा 7233 पदों पर कार्यवाही की जाएगी। उक्त रोजगार मेला में मैकेनिक सेक्टर में 836, सिक्युरिटी सेक्टर में 2500, कृषि सेक्टर में 113, फाईनेंस सेक्टर में 262, टेक्निकल सेक्टर में 480, सर्विस सेक्टर में 620, बीमा क्षेत्र में 163, हेल्थ सेक्टर में 242, शिक्षा सेक्टर में 5, गारमेंट्स सेक्टर में 2002 एवं आटोमोबाइल सेक्टर में 10 पद शामिल है। कुल 7233 पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, पीजीडीएस, आदि निर्धारित की गई है। 16 जुलाई को रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक युवा अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ लाईवलीहुड कालेज जांजगीर में उपस्थित हो सकते है।

आकाश छिकारा ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले जिले के विभिन्न खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले खिलाड़ियों को शासन की ओर से पुरस्कार स्वरूप मिलने वाले सम्मान राशि का चेक वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने जिले के राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी उपलब्धियों पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के प्रति लगातार अभ्यास और लगन कड़ी मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने खिलाड़ियों के उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में रेशमा कश्यप, अखिलेश कुमार, राहुल कुमार यादव, रितेश भारद्वाज, शिक्षा यादव, सूरज केंवट, जिज्ञासा यादव, दीपिका यादव, योगिता केंवट, रोशन गढ़वाल हैं। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री प्रेमलाल पांडेय, श्री दिनेश चतुर्वेदी सहित प्रशिक्षक व खिलाड़ी उपस्थित थे।

एक पेड़ मां के नाम:आज जांजगीर कल चांपा में पौधा वितरण

जांजगीर-चांपा। जिले में नि:शुल्क पौधा वितरण हेतु हरियाली प्रसार रथ 13 एवं 14 जुलाई को रवाना किया जाएगा। 13 जुलाई जिला पंचायत से 10 बजे रथ रवाना होगा। हरियाली प्रसार रथ द्वारा बीटीआई चौक में 11.30 बजे, कचहरी चौक में 12, नेताजी चौक में 12.30 बजे, शारदा चौक में 1 बजे, स्टेशन चौक नैला जांजगीर में 1.30 बजे, गांधी चौक में 2 बजे, भीमा तालाब जांजगीर में 2.30 बजे पहुंचेगी। हरियाली प्रसार रथ 30-30 मिनट रूककर निशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार हरियाली प्रसार रथ द्वारा चांपा में 14 जुलाई को बेरियल चौक चांपा में 10 बजे, थाना चौक 10.30 बजे, परशुराम चौक 11 बजे, लायंस चौक 11.30 बजे, बरपाली चौक 12 बजे, स्टेशन चौक 12.30, मोदी चौक 1 बजे, सदर बाजार 1.30 बजे, कदम चौक 2 बजे, राजा पारा चौक 2.30 बजे, कसेर चौक 3 बजे, भोजपुर चौक 3.30 बजे, घठोली चौक 4 एवं पुराना कालेज (भैंसा बाजार चौक चांपा) 4.30 में बजे में 30-30 मिनट रूककर नि शुल्क पौधा वितरण किया जाएगा।

सांसद बघेल ने दूधाधारी मठ में किया दर्शन पूजन

जांजगीर। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद श्री विजय बघेल ने श्री दूधाधारी मठ पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने उन्हें श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज, श्री बालाजी भगवान, श्री स्वामी बलभद्र दास जी महाराज की समाधि स्थल तथा श्री राम पंचायतन सहित पारीजात के दुर्लभ वृक्ष एवं पुष्प का दर्शन पूजन कराया। इस अवसर पर श्री राम शिरोमणि दास जी महाराज, उत्तम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल,डिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, श्री अग्रवाल जी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी

जांजगीर-चांपा । जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजन जांजगीर अन्तर्गत सिवनी सेक्टर में आंगनबाडी हाथीटिकरा केन्द्र क्रमांक 01 का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी हाथीटिकरा का केन्द्र क्रमांक 01 में कुल 20 बच्चें दर्ज हैं। निरीक्षण के दौरान उपथिति पंजी में 12 बच्चों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। जिसमें से केन्द्र में कुल 3 बच्चें ही उपथिति पाये गए। आंगनबाडी हाथीटिकरा के केन्द्र क्रमांक 01 में साफ-सफाई का अभाव, अनौचारिक शिक्षा का अभाव पाया गया एवं रेडी टू इट उपलब्ध नही है, गरम भोजन का सामग्री माह भर के लिये उपलब्ध नही पाया गया तथा पर्यवेक्षक द्वारा आं.बा. का निरिक्षण 18 मई 2024 के पश्चात् आज दिनांक तक किया जाना नही पाया गया। उक्त संबंध में संबंधित पर्यवेक्षक एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस दिया गया तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता का दो दिवस का मानदेय काटने हेतु परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजन जांजगीर को आदेशित किया गया।

प्राचार्यों के प्रभार के फेर में विद्यालय के छात्र दस्तावेजों के लिए भटक रहे

सक्ती । ग्राम मोहंदीकलां का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्ष 2020 से राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। यहां पदस्थ कुछ शिक्षकों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए इस विद्यालय को जंग का मैदान बनाकर रख दिया है। जिसकी वजह से यहां बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। विद्यालय में प्रभार को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है जिसका समाधान जिले के शिक्षा विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं कर पा रहे हैं। दरअसल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदीकलां की पूर्व प्रभारी प्राचार्य शोभा धुवे द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती के आदेश की अवहेलना करते हुए वर्तमान में पदस्थ प्राचार्य बीके सिदार को प्रभार सौंपने में आनाकानी की जा रही है। इसके चलते विद्यालय में पूर्व में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए टीसी व अन्य दस्तावेजों की जरूरत है। लेकिन प्रभार के चक्कर में छात्र- छात्राओं को टीसी व अन्य दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

परिजनों को अपने बच्चों का भविष्य खतरे में नजर आ रहा है। सक्ती जिले के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे ने सत्र 2023-24 में शोभा ध्रुवे को इस संस्था का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया था। जिसके बाद अब वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा के द्वारा 18 जून 2024 को बीके सिदार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी कलां का प्राचार्य नियुक्त करने का आदेश जारी किया गया है। बीके सिदार ने 21.06.2024 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी कलां मे ज्वाइन भी कर लिया है, लेकिन पूर्व प्रभारी प्राचार्य के प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है।

स्व. बैस ने न केवल कर्मचारियों के लिए संघर्ष किया, बल्कि आंदोलन भी किए

अकलतरा । पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक प्रांताध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. जगत सिंह बैस के तृतीय पुण्यतिथि अवसर पर नगर के बलौदा रोड में मां मनका मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में स्थापित स्व. जगत सिंह बैस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डीपी मनहर ने कहा कि स्व. जगत सिंह बैस ने कर्मचारी, पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष किया।

सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने पेंशनरों को संगठित कर उनके हक की लड़ाई लड़ी एवं वरिष्ठ नागरिकों को शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों पर मिलने वाली सुविधाओं के लिए संघर्ष किया। रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि स्व. बैस ने न केवल कर्मचारी, पेंशनर व वरिष्ठ नागरिकों के लिए संघर्ष किया बल्कि नगर मे रेल सुविधाओं सहित अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर हुए आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी होती थी।

पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त, संघ के प्रांतीय अंकेक्षक बनवाली राम साहू, रामभरोस कैवर्त, भगवत लाल बंजारे, दुर्गा राव, इंद्रमन मरकाम, बी कोसरे, आरके टांडे, बलदाऊ प्रसाद जायसवाल एवं राजेंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया।

छात्रा के पानी बॉटल में एसिड मिलने के मामले में स्कूल प्रबंधन ने कराया मामला दर्ज

जांजगीर-चांपा। केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर की कक्षा 11वीं की छात्रा के पानी बॉटल में एसिड जैसा पदार्थ मिलाने का मामला सामने आने के दो दिन बाद आखिरकार स्कूल प्रबंधन के द्वारा कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है और विवेचना शुरू कर दी है। बता दें, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में एक 11वीं की छात्रा के पानी बोतल में एसिड जैसा पदार्थ मिलाने का सनसनीखेज मामला बीते सोमवार को सामने आया था। इससे स्कूल में हड़कंप मच गया था। परिजनों ने भी स्कूल प्रबंधन को खरी-खोटी सुनाई थी। विद्यालय में इस तरह की घटना आखिर किसने की इसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद क्लासरूम में एक गुमनाम पत्र भी मिला था जिसमें लिखा गया था कि चाहे कुछ भी कर लो, उसे पकड़ नहीं पाओगे। अंग्रेजी में लिखे इस पत्र के मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन के द्वारा सभी विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में वैसा ही लेटर लिखवाया जा रहा है ताकि हैंड राइटिंग मिलान भी किया जा सके।

वसूलीबाज ट्रैफिक के आरक्षक को अटैच किया

जांजगीर । नैला रेलवे फाटक से नो एंट्री जोन में कोलवाशरी की ट्रकों की एंट्री कराने की फीस वसूली करने वाले यातायात के आरक्षक को यातायात प्रभारी यातायात शाखा से हटाकर लाइन में पदस्थ कर दिया है। हालांकि अभी यह सब राइटिंग में नहीं किया है। केवल मौखिक आदेश के तहत उन्हें लाइन भेजा गया है। ताकि यातायात पुलिस की छवि खराब न हो।दरअसल, नैला रेलवे फाटक के पास सुबह 5 बजे से नो एंट्री लग जाता है। इस समय भारी भरकम कोयले की ट्रकों को रेलवे फाटक के आरपार करने प्रतिबंध लगा दी जाती है। क्योंकि सुबह होते ही लोगों का शहर में एंट्री शुरू हो जाता है। इसके चलते सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक यह इलाका नो एंट्री जोन में शामिल हो जाता है। लेकिन यातायात के जवान सुबह लोगों की कम भीड़ का फायदा उठाते हैं, ए पांच बजे के बाद भी ट्रकों के आवाजाही पर प्रतिबंध नहीं लगाते। इसके लिए फीय तय रखी है। यातायात के जवानों द्वारा प्रत्येक ट्रकों के चालकों से 100 से 200 रुपए वसूल की जाती है। कुछ ऐसी ही वसूली यातायात के सफेदापोश वर्दीधारी उपेंद्र राठौर द्वारा की जा रही थी। इसकी वीडियो फोटो। सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। पत्रिका ने इसकी खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद यातायात प्रभारी प्रदीप जोशी ने उक्त आरक्षक को यातायात शाखा से हटाकर पुलिस। लाइन में अटैच कर दिया है।यातायात शाखा में पदस्थ आरक्षक उपेंद्र राठौर को पुलिस लाइन बुला लिया गया है। हालांकि अभी इसकी लिखित में आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन उनके काम-काज की शिकायत मिलने पर यातायात शाखा से पुलिस लाइन में काम लिया जा रहा है।

अनमोल वचन.....

हमारे पास बचपन से ही दो रास्ते होते हैं या तो हम सही रास्ता चुन लें, नही तो कठिनाइयाँ हमारा रास्ता चुन लेंगी।

देश में फैल रही बदहाली

एनएसएसओ की गैर कंपनी यानी अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की स्थिति के बारे में सर्वे रिपोर्ट आई है। उस रिपोर्ट के मुताबिक 2015-16 से 2022-23 के बीच इस क्षेत्र में 13 राज्यों में रोजगार प्राप्त मजदूरों की संख्या गिरी। भारत के रोजगार की हालत खराब है, लेकिन यह बदहाली सिर्फ औपचारिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। अनौपचारिक क्षेत्र में हालत बदतर है। चूंकि यह तथ्य नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) के सर्वेक्षण से सामने आया है और इसलिए सरकार इससे इनकार नहीं कर सकती। जैसाकि भारत सरकार ने सिटीग्रुप रिसर्च की एक अध्ययन रिपोर्ट के मामले में किया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जीडीपी सात प्रतिशत की दर से भी बढ़ती रहती है, तब भी भारत बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर पाएगा। इसलिए सिटीग्रुप की सलाह है कि भारत सरकार सिर्फ ग्रोथ रेट के भरोसे ना बैठी रहे, बल्कि रोजगार बढ़ाने वाले उपायों पर विशेष और अलग से ध्यान दे। मगर यह रिपोर्ट आने के तुरंत बाद सरकार ने इसका खंडन कर दिया। उसने दावा किया कि 2017-18 से 2021-22 के बीच आठ करोड़ रोजगार पैदा किए गए हैं। बहरहाल, अब एनएसएसओ की गैर कंपनी क्षेत्र में रोजगार के बारे में सर्वे रिपोर्ट आई है।

ये रिपोर्टें 18 राज्यों के उन कारोबार से संबंधित हैं, जिनका कंपनी कानून के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। यानी ये छोटे कारोबार हैं और अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2015-16 से 2022-23 के बीच इस क्षेत्र में 13 राज्यों में रोजगार प्राप्त मजदूरों की संख्या गिरी। कर्नाटक और तमिलनाडु दो ऐसे राज्य रहे, जहां ऐसे रोजगार में सबसे ज्यादा गिरावट आई। वहां यह गिरावट क्रमशः 13 लाख और 12 लाख रही। अगर ध्यान दें, तो यह वही अवधि है, जब नोटबंदी, जीएसटी लागू होने और फिर कोरोना महामारी के दौरान अनियोजित लॉकडाउन की सबसे ज्यादा मार अनौपचारिक क्षेत्र पर पड़ी थी। यह बात ध्यान में रखने की है कि अनौपचारिक में मौजूद रोजगार अस्थायी किस्म का होता है, जहां मजदूर कम वेतन और बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के काम करते हैं। अगर ऐसी जगहों पर भी काम के अवसर घटे हैं, तो समझा जा सकता है कि क्यों देश में रोजमर्रा का न्यूनतम उपभोग भी घटता चला गया है। जाहिर है, इससे देश में फैल रही बदहाली को समझने के सूत्र भी मिलते हैं।

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किये हुये काम का आज सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। आज आपको व्यवसायी के नये रास्ते मिलेंगे। दिनचर्या कम तेज़ी से मूल्यवान करने की क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी।

वृष राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे तो सफलता ज़रूर हासिल होगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जाएंगे। किसी काम में निराश करने से पहले ज़रूरी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशिः आज किस्मत आपका पूरा साथ देगा। कारोबार में आज खुश ऐसी बातें सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद होंगी। स्वास्थ्य के लिहाज़ से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी नये काम की शुरुआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिए ऑफर मिलने वाला है।

कर्क राशिः आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेंगा, कन्फ्यूज़न की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। विवाहित आज किसी ज़रूरी जगह पिकनिक के लिए जाएंगे।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको ज़रूर फायदा होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के विचार आएंगें।

कन्या राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे हैं तो फायदा होने वाला है। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। अगर आप यात्रा कर रहें हैं तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

तुला राशिः आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका मन अत्यधिक में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रमोशन हो सकता है। नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। घर से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है। आज आप घर पर कोई धार्मिक आयोजन करा सकते हैं।

धनु राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मज़ाक होगा। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें, वरना आपका अधिक समय फिज़ूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी ज़रूरतमंद की मदद करेंगें। इससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे।

मकर राशिः आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ है। धनलाभ होने के आसार नज़र आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। ज़मीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। शिक्षकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, मन पसंद ज़गह पर ट्रांसफर होगा।

कुंभ राशिः आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा होगा। आकस्मिक धन लाभ होगा, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मज़बूत बनेगा। सेहत सम्बन्धी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज़ मिल सकता है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित कर लेंगे। कोई रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है।

75 साल बाद भी नाटो के सामने वही शत्रु

//श्रुति व्यास//

रूस ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। जिस समय व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री मोदी से गलबहियां कर रहे थे और दोनों नेता कूटनीतिक ठहाके लगा रहे थे, उसी समय बहुत सारी मिसाइलें यूक्रेन के बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल से टकराईं। ओखमाद्यित यूक्रेन का बच्चों का सबसे बड़ा अस्पताल है और कैंसर के इलाज के लिए विख्यात है। वहां बहुत से बच्चे कई महीनों से रह रहे थे। हमले में यह अस्पताल मलबे के ढेर में तब्दील हो गया और 36 लोग मौत के मुंह में समा गए।

कीव का ओखमाद्यित अस्पताल काफी समय से यूक्रेन के सबसे जटिल बीमारियों से जूझते और गंभीर रूप से बीमार बच्चों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। युद्ध के शुरू होने से लेकर अब तक उसके डॉक्टरों ने रूसी बमबारी में घायल होने वाले बच्चों की जान बचाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है और साथ ही पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों की देखभाल भी की है।

सोमवार को यह जीवनरक्षक केंद्र तहस नहस कर दिया गया, जमींदोज कर दिया गया। यह बहुत ही बर्बर हमला था। अस्पताल को तब निशाना बनाया गया जब वहां सबसे ज्यादा भीड़भाड़ थी। गार्जियन' में छपी खबर के अनुसार, हमले के समय एक ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर एक बच्चे का ऑपरेशन कर रहे थे। उस थिएटर का नामोनिशान नहीं बचा है। अस्पताल के अंदर की तस्वीरों में खून से सने बच्चे, गिरी हुई छतें और बरबाद हो चुके ऑपरेशन थिएटर नजर आ रहे हैं। कितने लोग मलबे में दबे हुए हैं, यह अभी साफ नहीं है।फरवरी 2022 में शुरू हुए आक्रमण के बाद से यह यूक्रेन की राजधानी पर किए गए सबसे भयावह हमलों में से एक थाइस हमले ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। चारों ओर इसकी निंदा की जा रही है और आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। वोल्दोमीर जेलेंस्की ने बदला लेने की कसम खाई है।नाटो के सामने यह पहली चुनौती है, जिस पर तुरंत ध्यान देकर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। रूस के मिसाइल हमले से यह भी साफ हो गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली कितनी कमजोर है। इस सप्ताह नाटो के नेता संगठन की 75वीं वर्षगांठ एवं उसके वार्षिक सम्मेलन के लिए वाशिंगटन में एकत्रित होंगे। वे जेन्स स्टोल्टेनबर्ग को विदाई देंगे और यूके के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का स्वागत करेंगे। वे दुबारा वही लड़ाई लड़ने का संकल्प करेंगे, जिसे लड़ने के लिए 1949 में इस संगठन का गठन किया गया था- यानी यूरोप में तत्कालीन सोवियत संघ के विस्तारवादी इरादों को थामने की कोशिश। आज 75 साल बाद भी नाटो के सामने वही शत्रु है, वही रूस है और उसकी वही दुष्टता है।

हालांकि शत्रु वही है, लेकिन नाटो पहले जैसा नहीं है। 75वीं वर्षगांठ मनाने का उद्देश्य दुनिया, रूस, पुतिन और अन्य संभावित प्रतिद्वंद्वियों को यह अहसास दिलाना था कि यह आत्मविश्वास से भरा, एकताबद्ध गठबंधन है। लेकिन वाशिंगटन में एकत्रित हो रहे नेता अनिश्चितता और दुविधा से घिरे होंगे। आखिर कब तक' यह सवाल उनके दिलोदिमाग पर छाया होगा। आंशिक रूप से यह बाहरी खतरों की वजह से होगा लेकिन मुख्यतः यह आंतरिक कारणों से होगा। इनमें सबसे प्रमुख कारण होगा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप की वापसी की संभावना। ट्रंप की नजरों में नाटो जर्जर' हो गया है और वे गठबंधन को छोडऩे की धमकी दे चुके हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा कि वे रूस को मनमानी करने देंगे। डिबेट के बाद हुई रायशुमारियों में ट्रंप के जो बाइडेन से आगे निकल जाने के बाद से गठबंधन के महत्वपूर्ण यूरोपीय सदस्यों में इस बात पर विचार विमर्श प्रारंभ हो गया है कि गठबंधन के लिए ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के मायने क्या होंगे- और क्या वे अमेरिकी हथियारों, धन एवं गुप्तचर सूचनाओं के बिना रूस का मुकाबला कर पाएंगे।

नाटो इन 75 सालों में बहुत बदल गया है। 1949 के 12 के मुकाबले आज, जब महाशक्तियों का टकराव दुबारा प्रारंभ हो गया है, उसके 32 सदस्य हैं। पिछले साल विल्न्यूस में हुए सम्मेलन में नाटो ने शीत युद्ध के बाद पहली बार गठबंधन के देशों की भूमि की रक्षा की विस्तृत योजना को स्वीकृति दी थी। इस वर्ष गठबंधन के 23 राष्ट्र अपनी अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत प्रतिरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे या उससे भी अधिक व्यय करेंगे। इसकी तुलना में सन् 2014 में केवल तीन देश ऐसा कर रहे थे और उसी कारण यह निर्णय किया गया था।लेकिन पश्चिमी देशों में लोकलुभावन राष्ट्रवाद के जोर पकडऩे के बाद से नाटो पर खतरा मंडराने लगा है। वह पहले से ही तुर्किये के रेचेप तैय्यप अर्दोआन और हंगरी के विक्टर ओरबान जैसे नेताओं से जूझ रहा है, जो फिनलैंड और स्वीडन के गठबंधन में शामिल होने की राह में रोड़े अटका रहे हैं। ऐसे में ट्रंप के दुबारा सत्ता में आने की संभावनाएं बहुत चिंताजनक हैं। हालांकि जो बाइडेन ने जार्ज स्टेपोनोपोलिस को एबीसी के लिए दिए गए एक इंटरव्यू में पिछले सप्ताह कहा कि वे नाटो द्वारा सवाल उठाए जाने का स्वागत करेंगे और फिर जोड़ा मेरी तरह नाटो को एक भला और कौन रख पाएगा। उन्होंने कहा, मेरी राय है कि मुझे परखने का एक अच्छा तरीका है कि आप नाटो शिखर बैठक में आएं और देखें और सुनें कि गठबंधन के दूसरे देश (मेरे बारे में) क्या सोचते हैं।

सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचने वाले नेताओं ने स्वीकार किया कि नाटो एक ऐसी कसौटी पर कसा जा रहा है जिसका पूर्वानुमान उन्होंने नहीं लगाया था- क्या ऐसे समय में वे यूक्रेन की सहायता उसी पैमाने पर करना जारी रख पाएंगे, जब गठबंधन के सबसे महत्वपूर्ण सदस्य पर उनका विश्वास निम्तम स्तर पर है। जब नाटो की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही होगी तब ओख्माद्यित अस्पताल पर हुए हमले में मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़ रही होगी। नाटो के नेताओं को लोक लुभावन वायदों, राष्ट्रवाद और ट्रंप की वापसी की संभावनाओं आदि जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा- एक ऐसे दौर में आत्मविश्वास दर्शाना पड़ेगा जब टकरावों और युद्धों की वजह से हालात बहुत बुरे हैं। नाटो ने अगर अपने को नहीं सुधारा, तो 75वीं वर्षगांठ का जश्न उसका आखिरी जश्न भी हो सकता है।

भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुरूप हो इस वर्ष का बजट

//प्रह्लाद सबनानी//

वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्णकालिक बजट माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय संसद में 23 जुलाई 2024 को पेश किया जा रहा है। वर्तमान में भारत सहित विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी नीतियों का अनुसरण करते हुए अर्थव्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं। परंतु, हाल ही के वर्षों में पूंजीवादी नीतियों के अनुसरण के कारण, विशेष रूप से विकसित देशों को, आर्थिक क्षेत्र में बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह देश इन समस्याओं का हल निकाल ही नहीं पा रहे हैं। नियंत्रण से बाहर होती मुद्रा स्फीति की दर, लगातार बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रौढ़ नागरिकों की बढ़ती जनसंख्या के चलते सरकार के खजाने पर बढ़ता आर्थिक बोझ, बजट में वित्तीय घाटे की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, आदि कुछ ऐसी आर्थिक समस्याएं हैं

जिनका हल विकसित देश बहुत अधिक प्रयास करने के बावजूद भी नहीं निकाल पा रहे हैं एवं इन देशों का सामाजिक तानाबाना भी छिनभिन्न हो गया है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत चूंकि व्यक्तिवाद हावी रहता है अतः स्थानीय समाज में विभिन्न परिवारों के बीच आपसी रिश्ते केवल आर्थिक कारणों के चलते ही टिक पाते हैं अन्यथा शायद विभिन्न परिवार एक दूसरे से रिश्तों को आगे बढ़ाने में विश्वास ही नहीं रखते हैं। कई विकसित देशों में तो पति-पत्नि के बीच तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। अमेरिका में तो यहां तक कहा जाता है कि 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं होती है एवं केवल माता को ही अपने बच्चे का लालन-पालन करना होता है, जिसके कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं यह बच्चे अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, समाज में हिंसा की दर बढ़ रही है तथा वहां की जेलों में कैदियों की संख्या में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है। इन देशों के नागरिक अब भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रहे हैं एवं उन्हें उम्मीद है कि उनकी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का हल भारतीय सनातन संस्कृति में से ही निकलेगा। अतः इन देशों के नागरिक अब भारतीय सनातन संस्कृति की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। भारत में वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कुछ हद तक वामपंथी नीतियों का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को विकास की राह पर ले जाने का प्रयास किया गया था। परंतु, वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों ने बहुत फलदायी परिणाम नहीं दिए अतः बहुत लम्बे समय तक यह नीतियां आगे नहीं बढ़ सकीं। हालांकि बाद के खंडकाल में तो वैश्विक स्तर पर वामपंथी विचारधारा ही धराशायी हो गई एवं सोवियत रूस कई टुकड़ों में बंट गया। आज तो रूस एवं चीन सहित कई अन्य देश जो पूर्व में वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना रहे थे, ने भी पूंजीवादी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना लिया है। भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं पूरे विश्व के आर्थिक पटल पर भारत का डंका बजा करता था। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। उस समय पर भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित आर्थिक नीतियों का अनुपालन किया जाता था। मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण का बोझ, वित्तीय घाटा, बुजुर्गों को समाज पर बोझ समझना, बच्चों का हिंसक होना, सामाजिक तानाबाना छिनभिन्न होना आदि प्रकार की समस्याएं नहीं पाई जाती थीं। समाज में समस्त नागरिक आपस में भाईचारे का निर्वहन करते हुए खुशी खुशी अपना जीवन यापन करते थे। प्राचीन काल में भारत के बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके चलते मुद्रा स्फीति जैसी समस्याएं उत्पन्न ही नहीं होती थी। ग्रामीण इलाकों में कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे जहां खाद्य सामग्री एवं अन्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता रहती थी, कभी किसी उत्पाद की कमी नहीं रहती थी जिससे वस्तुओं के दाम भी नहीं बढ़ते थे। बल्कि, कई बार तो वस्तुओं की बाजार कीमत कम होती दिखाई देती थी क्योंकि इन वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति, मांग की तुलना में अधिक रहती थी। माननीय वित्तमंत्री महोदय को भी देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए बाजारों में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए न कि ब्याज दरों को बढ़ाकर बाजार में वस्तुओं की मांग को कम किए जाने का प्रयास किया जाए। विकसित देशों द्वारा अपनाई गई आधुनिक अर्थशास्त्र की यह नीति पूर्णत असफल होती दिखाई दे रही है और इतने लम्बे समय तक ब्याज दरों को ऊपरी स्तर पर रखने के बावजूद मुद्रा स्फीति की दर वांछनीय स्तर पर नहीं आ पा रही है। भारत को इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखानी चाहिए एवं आधुनिक अर्थशास्त्र के मांग एवं आपूर्ति के सिद्धांत को बाजार में वस्तुओं की मांग कम करने के स्थान पर वस्तुओं की आपूर्ति को बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए अर्थात आपूर्ति पक्ष पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

इससे मुद्रा स्फीति तो कम होगी ही परंतु साथ ही अर्थव्यवस्था में विकास की दर भी और तेज होगी क्योंकि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ते रहने से विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां बढ़ेंगी, रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। परंतु यदि वस्तुओं की मांग में कमी करते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के प्रयास होंगे तो उत्पादों की मांग में कमी होने के चलते उत्पादों का निर्माण कम होने लगेगा, विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां कम होंगी एवं देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ेगी। मांग में कमी करने के प्रयास सम्बंधी सोच ही अमानवीय है। इसी प्रकार, प्राचीन भारत में ग्रामीण इलाकों में कृषि क्षेत्र के साथ ही कुटीर एवं लघु उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया जाता था।

कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे, इन कृषि उत्पादों के साथ ही इन कुटीर एवं लघु उद्योगों में निर्मित उत्पाद भी बेचे जाते थे। अतः ग्रामीण इलाकों से शहरों की पलायन नहीं होता था तथा नागरिकों को रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही उपलब्ध हो जाते थे। आज की परिस्थितियों के बीच कृषि क्षेत्र तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण इलाकों में ही रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित हो सकें। जनता पर करों के बोझ को कम करने के सम्बंध में भी विचार होना चाहिए।

राहुल को प्रादेशिक क्षत्रपों पर से निर्भरता कम करनी होगी

लोकसभा चुनाव, 2024 में कांग्रेस की बढ़ी ताकत का इस्तेमाल क्या राहुल गांधी पार्टी को मजबूत करने और स्वतंत्र व बेलगाम क्षत्रपों को काबू करने के लिए करेंगे। यह लाख टके का सवाल है। हकीकत यह है कि लोकसभा चुनाव, 2024 से पहले तक कांग्रेस के प्रादेशिक क्षत्रप लगभग मनमाना आचरण कर रहे थे। आलाकमान यानी सोनिया और राहुल गांधी के लिए उनको निर्देश देना असंभव सा काम था। क्षत्रप आलाकमान का नाम लेते थे और उनके प्रति सार्वजनिक रूप से सम्मान भी जाहिर करते थे लेकिन करते अपने मन की थे। अगर कभी कांग्रेस आलाकमान को उनके खिलाफ कोई कदम उठाना पड़ता तब या तो कामयाबी नहीं मिली या जिसके खिलाफ कदम उठाया उसने पार्टी छोड़ दी।कांग्रेस आलाकमान के साथ वही रहा, जिसकी सत्ता को नेहरू गांधी परिवार ने चुनौती नहीं दी। कैप्टेन अमरिंदर सिंह को हटाया या गुलाम नबी आजाद को राज्यसभी नहीं मिली तो वे पार्टी छोड़ गए। असम में तरुण गोगोई को 15 साल तक, दिल्ली में शीला दीक्षित को 15 साल तक, हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 10 साल तक सीएम बनाए रखा गया तो ये सब लोग कांग्रेस के साथ रहे। लेकिन अंत नतीजा यह हुआ कि इन राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई तो एक दशक के बाद भी इन राज्यों में कांग्रेस के लिए सत्ता में वापसी मुश्किल या नामुमिकन दिख रही है। असल में सोनिया और राहुल के दौर में पिछले ढाई दशक में कांग्रेस का शक्ति संतुलन लगभग पूरी तरह से बदल गया था। राजीव गांधी के समय तक सत्ता का केंद्र दिल्ली होती थी। सोनिया गांधी के कांग्रेस की कमान संभालने के बाद इसकी संरचना में बदलाव आने लगा और एक दशक में यह दिल्ली से शिफ्ट होकर अलग अलग राज्यों में पहुंच गया। आलाकमान या नेहरू गांधी परिवार कांग्रेस की सत्ता का केंद्र तो बना रहा लेकिन उसकी ताकत आभासी रह गई। उसे राज्यों के क्षत्रपों से रोशनी और ताकत दोनों लेनी होती थी।

आंध्र प्रदेश में वाईएसआर रेड्डी, हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मध्य प्रदेश में कमलनाथ, असम में तरुण गोगोई, दिल्ली में शीला दीक्षित, पंजाब में कैप्टेन अमरिंदर सिंह, राजस्थान में अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश में वीरभद्र सिंह से कांग्रेस आलाकमान को थोड़ी थोड़ी शक्ति मिलती थी। ये सब नेहरू गांधी परिवार के नाम की कसमें खाते थे लेकिन उनके कंट्रोल में नहीं थे। इनमें से किसी को हटाने की हैसियत कांग्रेस आलाकमान की नहीं थी।

तस्वीरों की दुनिया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की।

भोपाल में मानसून की बारिश के बाद पानी से भरी सड़क से गुजरती एक सिटी बस।

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाराष्ट्र के मुंबई में नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस) में भारत को सशक्त बनाना: 2047 को विकसित भारत बनाने में उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) की भूमिका विषय पर छात्रों और संकाय सदस्यों से मुलाकात की।

बेंगलुरु में कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान एक पीजीटी छात्र को नियुक्ति पत्र सौंपा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में बिम्सटेक विदेश मंत्रियों से मुलाकात की।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा नई दिल्ली में बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

सोनीपत में हिमांशु भाऊ गैंग के तीन शूटर ढेर दिल्ली और हरियाणा पुलिस का बड़ा एनकाउंटर

सोनीपत, 13 जुलाई [एजेंसी]।

दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच और सोनीपत एसटीएफ की टीम ने खरखौदा के गांव छिलौली में शुक्रवार की रात पौने नौ बजे भाऊ गैंग के तीन कुख्यात शूटरों को मार गिराया। तीनों शूटर गोहाना के मातृग्राम हलवाई की दुकान पर फायरिंग, हिसार में महिंद्रा शोरूम पर फायरिंग और मुरथल के गुलशन ढाबे पर शराब कारोबारी सुंदर की हत्या में शामिल थे।

मुठभेड़ में तीनों शूटरों की मौत हो गई। वहीं बदमाशों की गोली लगने से दिल्ली क्राइम ब्रांच के एसआई अमित कुमार भी घायल हो गए। तीनों शूटरों पर लाखों रुपये का इनाम था और तीनों पर 50 के करीब मुकदमे दर्ज थे। न्यू दिल्ली रेंज आरकेपुरम की क्राइम ब्रांच की टीम सफेद रंग की किया सेलटोस कार में तीन बदमाशों का दिल्ली से पीछा कर रही थी। जैसे ही बदमाश खरखौदा की ओर से सोनीपत की सीमा में घुसे तो दिल्ली पुलिस ने सोनीपत एसटीएफ को सूचना

दी। इस पर एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की टीम ने बदमाशों को खरखौदा के छिलौली बाइपास पर घेर लिया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। तीनों बदमाशों को गोलियां लग गई। तीनों को सीने, पेट व सिर में गोलियां लगने पर खरखौदा के अस्पताल में ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

बदमाशों की गोली लगने से दिल्ली पुलिस के एसआई अमित भी घायल हो गए। तीनों की पहचान भाऊ गैंग के शूटरों हिसार के खारिया गांव आशीष उर्फ लालू, हिसार के गांव खरड़ के सन्नी खरड़ और गोहाना के गांव रिंढ़ाना के विक्की के रूप में हुई। तीनों के पास से कई आधुनिक पिस्टल, गोलियां बरामद हुई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सोनीपत एसटीएफ प्रभारी योगेंद्र दहिया भी अभियान में शामिल थे। बाद में जांच के बाद पुलिस ने बताया कि सन्नी पर 15, विक्की पर सात और आशीष पर विभिन्न थानों में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। तीनों पर लाखों रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस की जांच में सामने आया कि तीनों शूटर हिसार में महिंद्रा के शोरूम पर फायरिंग और पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने, गोहाना के मातृग्राम हलवाई की दुकान पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने और मुरथल के गुलशन ढाबे की पार्किंग में शराब कारोबारी सुंदर की हत्या में शामिल थे।दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने हरियाणा एसटीएफ के साथ संयुक्त ऑपरेशन में तीन शूटरों को मुठभेड़ में मार गिराया। तीनों शूटर हिंमांशु भाऊ गैंग के थे। यह मुठभेड़ सोनीपत जिले में हुई। हरियाणा पुलिस ने तीनों शॉर्प शूटरों पर कई लाख रुपये का इनाम रखा था। तीनों ने हिसार जिले के कई व्यापारियों से करोड़ों की फिरौती मांगी थी। घटना के बाद सोनीपत पुलिस और हरियाणा एसटीएफ मामले की जांच में जुट गई है।

नीता अंबानी ने लगवाई पूरे परिवार के नाम की मेहंदी हथेली पर दिखा राधा-कृष्ण के साथ नए जोड़े का नाम

मुंबई, 13 जुलाई [एजेंसी]।

देश के मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट आज शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए देश विदेश से आए मेहमानों का जमावड़ा भी लगा हुआ है। वहीं, अनंत अंबानी अपनी बरात को लेकर मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में पहुंच गए हैं।वहीं, अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी में नीता अंबानी ने एक बार फिर से सदियों पुरानी भारतीय शादी की परंपरा को निभाया है।

अनंत-राधिका की शादी के लिए मां नीता अंबानी ने अपने हाथों में खास डिजाइन की मेहंदी लगवाई है। उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों का नाम अपने हाथों पर मेहंदी से लिखवाया है। समाचार एजेंसी द्वारा जारी तस्वीर में नीता अंबानी अपनी हथेलियों पर राधा-कृष्ण की एक सुंदर तस्वीर बनवाई हैं। उनके हाथ के पीछे नए जोड़े अनंत और राधिका के साथ-साथ अंबानी परिवार के सदस्यों का नाम नजर आ रहा है।

2060 के बाद घटने लगेगी भारत की जनसंख्या संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे

संयुक्त राष्ट्र, 13 जुलाई [एजेंसी]।

2060 के बाद भारत में जनसंख्या कम होने लगेगी। विश्व जनसंख्या पर संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 2060 में अपने चरम पर होगी, लेकिन इसके बाद जनसंख्या में गिरावट शुरू हो जाएगी। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश भारत मौजूदा सदी (2100) के अंत तक 150 करोड़ के साथ सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। मौजूदा समय में भारत की आबादी करीब 145 करोड़ होने का अनुमान है।रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि बड़े आकार और प्रजनन क्षमता में गिरावट की वजह से सदी के अंत तक चीन में सबसे बड़ी जनसंख्या गिरावट (78.6 करोड़) आने की संभावना है। वर्तमान में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश चीन, 2024 और 2054 (20.4 करोड़) के बीच जनसंख्या में बड़ी गिरावट आएगी।वहीं 2100 आते- आते चीन की आबादी वर्तमान समय

से आधी से भी कम यानी करीब 63 करोड़ रह जाएगी। मौजूदा समय में चीन की आबादी करीब 140 करोड़ है।

रिपोर्ट के अनुसार 2054 में 38.9 करोड़ की आबादी के साथ पाकिस्तान अमेरिका को पछाड़कर आबादी के लिहाज से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। वर्तमान में 34.5 करोड़ की आबादी के साथ अमेरिका दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है और 2054 में यह 38.4 करोड़ लोगों के साथ चौथा सबसे बड़ा देश होगा। 2100 में 51.1 करोड़ की आबादी के साथ पाकिस्तान दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बना रहेगा। विशेषज्ञों के अनुसार चीन, जापान,जर्मनी के अलावा यूरोप के कई देशों में जनसंख्या घटने की वजह से काम करने वालों की कमी हो जाएगी। ऐसे में भारतीयों के लिए इन देशों में रोजगार के मौके बनेंगे। सदी के अंत तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बना रहेगा।

यूपी और बिहार में बाढ़ से लोग बेहाल, गोंडा में 14 हजार लोग मुसीबत में, शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे बंद

नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।

उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ से लोग बेहाल हैं। उफान मारती नदियां मुसीबत बनी हुई हैं। अनेक गांवों में लोग घरों में कैद से हो गए हैं। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। नदियों का जल स्तर बढ़ने से आवागमन मुश्किल हो गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें बचाव कार्य में लगी हुई हैं। उत्तर प्रदेश के गोंडा में घाघरा नदी एलिगन ब्रिज पर खतरे के निशान से छह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। कटान का खतरा बढ़ता जा रहा है।बाढ़ के पानी से घिरे 18 गांवों के 14 हजार लोगों की परेशानी बढ़ने की आशंका है। सरयू नदी की धारा धीरे-धीरे बांध की तरफ बढ़ रही है। नदी कटान करती हुई सैकड़ों बीघा कृषि योग्य भूमि को अपने में समाहित कर चुकी है। शाहजहांपुर में अब तक हालात नहीं सुधर सके हैं। पीलीभीत के दियोनी डैम के पानी से उफनाई गर्रा नदी के कारण शुक्रवार को भी जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।दिल्ली-लखनऊ हाईवे के बरेली मोड पर तीन फीट तक पानी होने से वाहनों का आवागमन दूसरे दिन भी बंद रहा। विकल्प के रूप में मीरानपुर कटरा-जलालाबाद

होकर वाहनों को दिल्ली-लखनऊ रूट पर भेजा जा रहा है। दोपहर को शहर से जलालाबाद जाने वाला मार्ग भी चार फीट पानी में डूब गया। गर्रा पुल के आसपास की स्थिति विकराल होती दिख रही, इसलिए वहां भी रास्ता बंद कर दिया गया।उत्तर प्रदेश में लखीमपुर जिले के पलियाकलां में बेबस भाइयों ने राह रोकती बाढ़ के बीच कंधे पर बीमार बहन को लादकर पांच किलोमीटर का सफर तय किया, लेकिन नियति को कुछ और मंजूर था। बाढ़ की विभीषिका का अंदाजा केवल इसी घटना से लगाया जा सकता है कि लबालब सड़कों और पगडंडियों के बीच राह तलाश कर भी इलाज तक पहुंचने में इतनी देर हो गई कि बहन ने प्राण त्याग दिए। बिहार में भी नदियों के जलस्तर में वृद्धि जारी है। पश्चिम चंपारण जिले में वाल्मीकि गंडक बैराज से शुक्रवार की दोपहर 3.42 लाख क्यूसेक छोड़े गए पानी से गंडक नदी के तटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति है। बैराज के सभी फाटकों को खोल दिया गया है। इससे दर्जनभर से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। इससे करीब 500 परिवार बाढ़ में फंसे हैं।कुछ दिन कमजोर पड़ने के बाद हिमाचल प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हुआ है।

रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा दर्रे में हल्का हिमपात हुआ, जबकि जुब्बड़इट्टी में 21 मिलीमीटर, मनाली में 20 और धर्मशाला में 12.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। प्रदेश में 10 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। जोशीमठ के पास अवरुद्ध बदरीनाथ राजमार्ग पर करीब 84 घंटे बाद शुक्रवार शाम को यातायात सुचारु हो गया। पहले जोशीमठ और फिर बदरीनाथ की तरफ फंसे वाहनों को रवाना किया गया। राजमार्ग के दोनों तरफ तीन हजार से अधिक यात्री रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे थे। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की टीम ने यहां चार दिन तक कार्य करते हुए पहाड़ी को काटकर सड़क तैयार की है।

दिल्ली, झारखंड समेत देश के आठ हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव

नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने देश के आठ अलग-अलग हाई कोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, मध्य प्रदेश, केरल, मेघालय और मद्रास हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की गई है। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलते ही मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, और जस्टिस बीआर गवई की कॉलेजियम ने इस प्रस्ताव को पारित किया है। कॉलेजियम ने जस्टिस मनमोहन को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया। वे अभी दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं। वर्तमान में दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस राजीव शकधर को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है।

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के तौर पर हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के नाम का प्रस्ताव रखा गया है। उन्हें वर्तमान चीफ जस्टिस बीआर सारंगी के सेवानिवृत्त होने के बाद इस पद पर ट्रांसफर किया जाएगा। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज जस्टिस गुरमीत सिंह संधावलिया को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। बांबे हाईकोर्ट के जज जस्टिस नितिन जामदार को केरल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस आर श्रीराम को मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है।जस्टिस श्रीराम भी बॉम्बे हाईकोर्ट के ही जज हैं। जम्मू और कश्मीर हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ताशी रबस्तान को मेघालय हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट के जज सुरेश कुमार कैत को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है।

चमत्कार हुआ... MLC की नौ सीटें जीतने पर बोले सीएम शिंदे, विपक्षी विधायकों ने भी हमें वोट दिया

मुंबई, 13 जुलाई [एजेंसी]।

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में नौ सीटों पर भाजपा नेतृत्व वाले महायुति ने जीत दर्ज की। शुक्रवार को महाराष्ट्र में एमएलसी की 11 सीटों पर मतदान हुआ। दो सीटों पर कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन ने जीत दर्ज की है। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमें विश्वास था कि हमारे सभी नौ उम्मीदवार जीतेंगे। चमत्कार हुआ है...न केवल महायुति विधायकों ने हमें वोट दिया

बल्कि अन्य दलों के लोगों ने भी हमारे विकास कार्यों के आधार पर हमें समर्थन दिया।

विधानसभा में सीएम शिंदे ने कहा कि आगे-आगे देखिए क्या होता है। विपक्ष के विकेट इसी तरह गिरते रहेंगे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। यह विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। हमारे सभी नौ उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। हमें न सिर्फ हमारे वोट मिले बल्कि दूसरे दलों के विधायकों ने भी हम पर भरोसा जताया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने विधान परिषद चुनाव की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ तीन बैठक की। इसमें अपने-अपने विधायकों को कैसे मतदान करना है... इस पर चर्चा हुई। इस पर भी बात हुई कि एक-दूसरे के विधायकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश नहीं करेंगे। इसी रणनीति की वजह से सभी नौ प्रत्याशियों को जीत मिली है। अजित का कहना है कि इसी रणनीति से विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करेंगे।

पहले बताना चाहिए था कि आदेश एलजी ने दिया, सुप्रीम कोर्ट ने रिज क्षेत्र में पेड़ काटने के मामले पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली 13 जुलाई। रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की भूमिका को अधिकारियों द्वारा लगातार छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से पूछा कि पेड़ों को काटने का फैसला उपराज्यपाल की मौखिक अनुमति के आधार पर लिया गया था या एजेंसी ने स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया था। जस्टिस अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि पेड़ों को काटने की अनुमति देने में उपराज्यपाल ने पूरी तरह से विवेक का प्रयोग नहीं किया। पीठ ने कहा कि उसे सुनवाई के पहले दिन ही सूचित कर दिया जाना चाहिए था कि उपराज्यपाल ने पेड़ों की कटाई के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत सड़क चौड़ा करने की परियोजना के लिए रिज क्षेत्र में 1,100 पेड़ों को काटने के मामले में डीडीए उपाध्यक्ष के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने दिल्ली पुलिस को आगाह किया कि वह पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर डीडीए के खिलाफ याचिका दायर करने वाली बिंदू कपूरिया को परेशान न करे।

गाजा में इजरायल के पकड़ पड़े धीमे, लड़ाई कम होने पर दिखा तबाही का मंजर, बचावकर्मियों को मिले 60 से अधिक शव

गाजा, 13 जुलाई [एजेंसी]।

एक सप्ताह तक चले भीषण हमले के बाद इजरायली सेना रातों-रात गाजा शहर के कुछ भागों से वापस लौट आई। इस हमले में इजरायली सेना को हमास के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। बचावकर्मियों ने कहा कि हमले में दर्जनों लोग मारे गए और फलस्तीनी क्षेत्र के सबसे बड़े शहरी क्षेत्र में कई मकान ढह गए और सड़कें नष्ट हो गईं।गाजा नागरिक आपात कालीन सेवा ने कहा कि पिछले सप्ताह तेल अल-हवा के क्षेत्र और गाजा शहर में साबरा से इजरायली सेना के हाथों मारे गए फलस्तीनियों के लगभग 60 शव मिले। निवासियों एवं बचाव दलों ने कहा कि कुछ क्षेत्रों से टैंक वापस चले गए हैं, लेकिन इजरायली स्नाइपर्स और टैंकों ने कुछ भूमि पर नियंत्रण करना जारी रखा है। बचाव दलों ने

निवासियों को फिलहाल वापस नहीं लौटने को कहा है।इजरायल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि लेबनान सीमा पर संघर्ष में उसका एक सैनिक मारा गया। सेना ने यह नहीं बताया कि सैनिक की मौत कैसे हुई, लेकिन इजरायल के हारेत्ज समाचार पत्र ने कहा है कि ड्रोन हमले में साजेंट मारा गया है। ईरान समर्थित हिजबुल्लाह समूह और इजरायल के बीच नौ महीने से संघर्ष जारी है।अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि सेना ने लाल सागर में हूती की पांच मानव रहित नौकाओं को नष्ट कर दिया है।

अमेरिकी सेना ने गुरुवार रात लाल सागर के ऊपर हूती की दो मानव रहित हवाई प्रणालियों और यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्र में एक हवाई प्रणाली को नष्ट कर दिया। सेंट्रल कमांड ने कहा कि ये हवाई प्रणालियां क्षेत्र में अमेरिका, गठबंधन सेनाओं और व्यापारिक जहाजों पर खतरा उत्पन्न कर रही थीं।

विकास दुबे को बार-बार क्यों काट रहा सांप, सपने में बोला- नौंवी बार काटूंगा कोई बचा नहीं पाएगा, डीएम तक पहुंची बात

फतेहपुर, 13 जुलाई [एजेंसी]।

सौंरा गांव के रहने वाले 24 वर्षीय विकास दुबे दो भाइयों में छोटा है। इनके पिता की औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान चलाते हैं। विकास फैक्ट्री में मजदूरी करता है। दो जून की रात विकास जब घर पर सोया तो सांप ने उसे डस लिया। इसके बाद से सपने आने लगा और छह बार शनिवार व रविवार को रात में उसे डस चुका है। सांप के डसने से परेशान हो युवक ने अपना घर छोड़कर चाचा व मौसी के यहां गया तो वहां पर सांप ने डसने से करीब छह से सात घंटे पहले सपने में आया और फिर डस लिया। 11 जुलाई को सांप के डसने का सपना आने के बाद सांप ने सातवीं बार डस लिया। युवक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है, जहां पर इलाज चल रहा है। युवक का कहना है कि सांप ने सपने में उसे कहा है कि नौ काटेगा। आठ बार तो उसकी जान बच जाएगी, पर नवीं बार उसे कोई इलाज नहीं बचा पाएगा। इसके बाद युवक के परिजन दहशत में हैं।युवक को जिस स्थान पर सांप काटता है

वहां पर स्पष्ट दांत बन जाते हैं। जब सांप के काटने का अहसास होता तो पहले से ही उसे बेचैनी होने लगती है। बेचैनी बढ़ने के बाद सोने पर सपना आता है। और सांप काटने की घटना घटित हो जाती है।

युवक के चाचा धर्मेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सांप काटने की घटना के कारण युवक सोते समय भी जुते और मोजे पहनकर सोता है। एक बार तो हाथ में पकड़ लिया था तो हाथ पर ही काट लिया। सांप युवक को ही दिखता है अन्य किसी को दिखता नहीं है। इस कारण परिजन इसे तंत्र-मंत्र के जरिए भी युवक को सांप से बचाने की कोशिश कर रहे हैं।डीएम के यहां परिजन पहुंचे तो पूरे मामले की जानकारी हुई। यह संभव नहीं लग रहा कि बार-बार सांप काट रहा हो। मामले की सच्चाई जानने के लिए एसीएमओ इश्तियाक अहमद के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए गांव भेजी गई है। परिजन व इलाज करने वाले प्राइवेट चिकित्सक से बात करके टीम पूरे मामले का रहस्य जानेगी। रविवार को टीम अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी।सांप ने छह बार से लगातार शनिवार और रविवार युवक को काट रहा था। पर जब 11 जुलाई को काटा तो उस दिन गुरुवार था। युवक के घर में दो पक्के कमरे बने हैं। घर के बाहर मैदान है।

पड़ोसी देशों की टेंशन बढ़ाने आ रहा लड़ाकू विमान एलसीए मार्क 1ए, वायुसेना को इस दिन सौंपेगा HAL

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की बहुप्रतीक्षित आस 15 अगस्त तक पूरी होने वाली है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 15 अगस्त तक पहला एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन में समस्या और अमेरिकी इंजन निर्माता की ओर से इंजनों की आपूर्ति में देरी की वजह से यह विलंब हुआ है।रक्षा सूत्रों ने बताया कि सॉफ्टवेयर संबंधी कुछ समस्याएं रही हैं। हम इन मुद्दों को हल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। विमान को पहले इस साल फरवरी-मार्च तक वायु सेना को सौंपने की योजना थी, लेकिन किसी न किसी कारण से इसमें बदलाव हो रहा है। भारतीय वायु सेना चाहती है कि उसे उसके द्वारा बताई गई सभी महत्वपूर्ण विशिष्टताओं वाला फाइटर जेट मिले। वायु सेना प्रमुख सहित शीर्ष अधिकारी इस प्रतिष्ठित परियोजना में हुई प्रगति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

गुजरात में फर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल सील डॉक्टर अपने नर्सिंग स्टॉफ के साथ मौके से फरार

अहमदाबाद, 13 जुलाई [एजेंसी]।

राजकोट में फर्जी स्कूल पकड़े जाने के बाद अहमदाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में फर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जिला प्रशासन ने सील किया है। फर्जी डाक्टर इस अस्पताल का संचालन कर रहा था। हॉस्पिटल को सील करने से पहले वह मेडिकल उपकरण लेकर अपने स्टाफ के साथ भाग गया।अहमदाबाद जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा शैलेष परमार जिले में झोला छाप चिकित्सकों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

पिछले दिनों उन्होंने डा. मेहुल चावडा की अनन्या हॉस्पिटल को सील किया था। शुक्रवार को उसी के सामने चल रही मल्टीस्पेशियलिटी मोरैया हास्पिटल पर छापा मारा गया। इस कार्यवाही से पहले फर्जी डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ भागने में कामयाब रहे।गौरतलब है कि पिछले दिनों राजकोट जिला प्रशासन ने गौरी प्री प्राइमरी स्कूल के नाम से चल फर्जी स्कूल को सील किया था। यहां अंग्रेजी व हिंदी माध्यम में छात्र छात्राओं को पढ़ाया जा रहा था। ध्यान रहे कि बीते साल गुजरात में एक फर्जी टोल नाका पकड़ा गया था। उसके बाद एक फर्जी सरकारी कार्यालय चलने का मामला सामने आया था।

बारिश के मौसम में फूलगोभी में होने लगते हैं कीड़े

खाने से पहले साफ करके ऐसे पकाएं

सब्जी पकाने से पहले उसे अच्छी तरह से साफ करना बेहद जरूरी होता है. फूलगोभी को साफ करने के लिए साफ पानी की जरूरत होती है. फूलगोभी जैसी सब्जियों में भारी मात्रा में बैक्टीरिया होता है और अगर आप इसे साफ करके नहीं खाएंगे तो यह सेहत के लिए काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है.

फूलगोभी के दरारों में कीड़ा होने लगते हैं

बरसात में भी अगर आप फूलगोभी खा रहे हैं तो इससे अच्छे तरीके से साफ-सफाई करें. क्योंकि इसकी छोटी-छोटी दरारों में कई तरह की बैक्टीरिया और कीड़े होते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ये पेट में पहुंचकर गंभीर रूप से बीमार कर सकते हैं. बारिश के मौसम में इसलिए हरी -सब्जी नहीं खानी चाहिए, अगर खा भी रहे हैं तो इसके साफ-सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि इससे स्वाद और सेहत पर बुरा असर होता है.

सबसे पहले अच्छे से गोभी को काटें

फूलगोभी को काटकर अच्छे से साफ-सफाई करना चाहिए. इसके बाहर वाली पत्तियों को हटाना चाहिए. इसे पहले मीडियम साइज में काटें. आप इसे बिना चाकू की मदद से आराम से हाथों से भी निकाल सकते हैं.

फूलगोभी को पानी में भिगोएं

सबसे पहले गर्म पानी नमक और बेकिंग सोडा डालकर फूलगोभी को उबालें. ऐसा करने से इसमें मौजूद बैक्टीरिया मर जाते हैं. इसमें पाई जाने वाले कीट भी बाहर निकल जाती है.

फूलगोभी सा पानी से धोएं

10-15 मिनट फूलगोभी को पानी में उबालें. और इसे अच्छी तरह से पानी में छानकर बर्तन में रख लें.

सुखाएं और इस्तेमाल करें

फूलगोभी को अच्छे से सुखा लें और इसे आप अच्छी सी रेसिपी बना सकते हैं. आप फूलगोभी को साफ-सफाई करके अपने खाने में शामिल कर सकते हैं. फूलगोभी में कई पोषक तत्व और पादप यौगिक होते हैं जो दिल की बीमारी और कैंसर सहित कई बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं. फूलगोभी एक बेहद सेहतमंद सब्जी है जो पोषक तत्वों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है. इसके अलावा, यह वजन घटाने के लिए अनुकूल है और इसे अपने आहार में शामिल करना बेहद आसान है.

फूलगोभी में फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है, जो पूरे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है.1 कप (107 ग्राम) कच्ची फूलगोभी में 2 ग्राम फाइबर होता है, जो आपकी डेली लाइफस्टाइल का 7ब है (1 विश्वसनीय स्रोत). फाइबर महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपके पेट में स्वस्थ बैक्टीरिया को पोषण देता है जो सूजन को कम करने और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं.

हुमा कुरैशी की नई फिल्म बयान का हुआ ऐलान, विकास मिश्रा करेंगे निर्देशन

हुमा कुरैशी को आखिरी बार वेब सीरीज महारानी 3 में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है। इस सीरीज को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर देख सकते हैं।अब हुमा ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम बयान रखा गया है। हुमा के अलावा चंद्रचूड़ सिंह और सचिन खेडेकर भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।बयान के निर्देशन की कमान विकास मिश्रा ने संभाली है।

शिलादित्य बोरा, मधु शर्मा, कुणाल कुमार और अंशुमान सिंह इस फिल्म के निर्माता हैं, वहीं फिल्म की कहानी विकास ने लिखी है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है।हुमा ने बयान की घोषणा करते हुए लिखा, एक ऐसी फिल्म जिसे लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्म की शूटिंग शुरू। एक शानदार स्क्रिप्ट, एक प्रतिभाशाली क्रू और अपने काम के प्रति उनका पूर्ण समर्पण।

यह फिल्म राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह बाप-बेटी की कहानी है। जिसमें रूही नामक महिला जासूस को राजस्थान के एक छोटे से शहर में लीड इन्वेस्टिगेटर के तौर पर अपने करियर के पहले केस की जांच करने के लिए भेजा जाता है। उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्योंकि सिस्टम पर उसके प्रतिद्वंद्वी प्रभावी हैं।



इन लोगों का तेजी से नहीं होता है वजन कम, जान लीजिए कारण

कुछ लोगों का वजन तेजी से कम नहीं होता, चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें. इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे कुछ बीमारियां और शारीरिक समस्याएं. इन कारणों को जानकर और सही उपाय अपनाकर वजन घटाने में मदद मिल सकती है. आइए जानते हैं किन लोगों का वजन तेजी से नहीं कम होता और इसके पीछे के मुख्य कारण क्या हैं.

मेटाबॉलिज्म का धीमा होना

कुछ लोगों का मेटाबॉलिज्म धीमा होता है, जिससे उनका शरीर तेजी से कैलोरी बर्न नहीं कर पाता. इस कारण उनका वजन घटाना मुश्किल हो जाता है. यह वजन कम करने में बड़ी रुकावट बनता है.

हार्मोनल असंतुलन

हार्मोनल असंतुलन भी वजन घटाने में बाधा डाल सकता है. खासकर थायरॉयड की समस्या वाले लोग तेजी से वजन कम नहीं कर पाते. थायरॉयड हार्मोन के असंतुलन से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे शरीर कम कैलोरी बर्न करता है. इसके कारण वजन कम करना मुश्किल हो जाता है. थायरॉयड के अलावा, अन्य हार्मोनल समस्याएँ भी वजन घटाने में रुकावट बन सकती हैं.

खान-पान की वजह से

सही खान-पान न होने से भी वजन कम नहीं होता. अगर आपकी डाइट में ज्यादा तैलीय और मीठा खाना शामिल है, तो वजन कम करना मुश्किल हो जाता है. ऐसे खाने से शरीर में ज्यादा कैलोरी जमा हो जाती है, जिससे वजन घटाने में दिक्कत होती है. संतुलित और पौष्टिक आहार से ही वजन कम करना आसान होता है.

तनाव और नींद की कमी

तनाव और नींद की कमी भी वजन घटाने में रुकावट पैदा कर सकते हैं. तनाव के कारण शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो वजन कम करने में बाधा बनते हैं. पर्याप्त नींद न मिलने से शरीर ठीक से काम नहीं कर पाता, जिससे वजन घटाना मुश्किल हो जाता है. तनाव और अच्छी नींद का ख्याल रखना जरूरी है.

येलो बॉडीकॉन आउटफिट पहन नुसरत भरूचा ने चलाया जादू, अदाएं ऐसी की देखते रह गए लोग

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा आए दिन अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके स्टनिंग लुक को देखकर तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसमें उनका क्लासी अंदाज देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनकी हर एक फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचाने लगती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाओं ने फैंस के दिलों पर खंजर चला दिया है। नुसरत भरूचा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान येलो कलर की बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ था। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने उनके इस लुक पर कॉमेंट किया है- लुकिंग सुपर्ब इन येलो कलर। नुसरत भरूचा ने अपने लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए बालों को अच्छे लुक में स्टाइल करवाया है। साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को और भी शानदार तरीके से निखारा है। नुसरत भरूचा भले ही इन दिनों किसी फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन वो आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

जान्हवी कपूर की उलझ के नए पोस्टर ने बढ़ाया प्रशंसकों का उत्साह, अजय देवगन को टक्कर देने के लिए तैयार अभिनेत्री

जान्हवी कपूर की आगामी जासूसी थ्रिलर 'उलझ'को लेकर प्रशंसक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, अब जान्हवी ने प्रशंसकों को एक और बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म के नए पोस्टर के साथ अभिनेत्री ने इसकी रिलीज डेट को वापस से टीज किया है।

जान्हवी कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से जुड़े दो पोस्टर साझा किए हैं। वहीं, उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हर चेहरा एक कहानी कहता है और हर कहानी एक जाल है। इस उलझ को सुलझाओ। 2 अगस्त से आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। पोस्टर को देखते ही जान्हवी कपूर के प्रशंसक और अनुयायी बेहद उत्साहित हो उठे। एक यूजर ने लिखा, हे भगवान! क्या यह असली के लिए है? मैं उम्मीद कर रहा था कि यह फिल्म अभी भी बन रही है... लेकिन, इसे देखो! हमारी प्यारी बच्ची जान्हवी कपूर... वह नहीं चाहती थीं कि उनके प्रशंसक अब और इंतजार करें। इसलिए उन्होंने निर्माताओं से फिल्म को जल्द से जल्द रिलीज करने का अनुरोध किया होगा। पोस्टर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक अन्य यूजर ने लिखा, यह वही है जिसका हम कई दिनों से इंतजार कर रहे थे। फिल्म उलझ की रिलीज डेट। मैं सोचता हूं, आशा करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि इस बार फिल्म की रिलीज डेट किसी भी कीमत पर टलनी नहीं चाहिए। हममें से काफी लोग जान्हवी कपूर को फिल्म में देखने का इंतजार कर रहे हैं। इससे बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता।

फिल्म उलझ का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है। वहीं, विनीत जैन इसके निर्माता हैं। फिल्म की कहानी एक युवा डिप्लोमैट सुहाना (जान्हवी कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होने वाली है। फिल्म के ज्यादातर सीन विदेशी धरती पर फिल्माए गए हैं, जिसकी झलक भी टीजर में देखी जा चुकी है। जानकारी हो की बॉक्स ऑफिस पर उलझ की भिड़ंत अजय देवगन की फिल्म औरों में कहा दम था से होगी। दोनों ही फिल्में 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दे रही हैं।

ईशा मालवीय को बिग बॉस 17 को लेकर होता है पछतावा

बिग बॉस 17 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। उन्हें इस बात का पछतावा हैं कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रहीं, जो सिर्फ उनका इस्तेमाल कर रहे थे।

ईशा ने कहा, मुझे कई स्वार्थी लोगों के साथ रहना पड़ा, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे बिग बॉस में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी। उन्होंने कहा कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी। ईशा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं और ज्यादा रियलिटी शो करूंगी, लेकिन अगर यह डांस से जुड़े है, जैसे झलक दिखला जा, तो मैं हिस्सा लेना पसंद करूंगी। मैं 6 साल की उम्र से ही डांस कर रही हूं, तो क्यों नहीं? बता दें कि ईशा मालवीय ने बिग बॉस 17 के घर में अपने एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ एंट्री ली थी। शो में अभिषेक और ईशा के बीच में काफी झगड़े देखने को मिले। ईशा ने अभिषेक पर फिजिकल वायलेंस के आरोप लगाए, जिन्हें अभिषेक ने खारिज किया। ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार दोनों को शो उडारियां में देखा गया था। बिग बॉस 17 में ईशा के बॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल ने भी एंट्री ली, इसके बाद शो में काफी कुछ ड्रामा देखने को मिला था। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। ईशा कई म्यूजिक वीडियो में नजर आईं। ज्योति नूरन के गाने पांव की जुत्ती सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

शब्द सामर्थ्य -116

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निकटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 115का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	ब	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		ब	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

कृषको को खेती किसानी से जुड़ी योजनाओं एवं समसामयिक विषयों की दी जा रही जानकारी

कोरिया। खरीफ मौसम में खेती से जुड़ी योजनाओं एवं समसामयिक विषयों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्रामों में कृषक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कृषक चौपाल में विकासखंड स्तरीय कृषि अधिकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि अधिकारियों द्वारा कृषकों को नवीन तकनीकों, विभिन्न कृषक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी, मृदा संरक्षण हेतु उचित मार्गदर्शन, फसल उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण बीजोपचार तथा कृषि में नवाचार अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषक चौपालों में कृषक रूचि दिखाते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लाभान्वित हो रहे हैं। जिले के विकासखंड बैकुण्ठपुर में विभिन्न ग्रामों जैसे सलका, मुड़ीझरिया, कोट, सागरपुर, तेंदुआ, कुड़ेली, दुधनिया, तलवापारा, आनी, एवं विकासखंड सोनहत के कटगोड़ी, भैंसवार, अकलासर्रु, सोनहत, रामगढ़, नटवाही, लटमा, सुन्दरपुर, रजौली, अमहर, आदि ग्रामों में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। साथ ही चौपाल में जिले के लघु-सीमांत कृषकों को फसल प्रदर्शन हेतु बीज एवं आदान सामग्रियों का जन प्रतिनिधियों के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने कृषक बन्धुओं से अपील की है कि अधिक-से-अधिक कृषि चौपाल में उपस्थित होकर खेती से संबंधित जानकारी से लाभान्वित हों एवं खेती में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उचित समाधान प्राप्त कर सकते है।

कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

कोरिया 12 जुलाई 2024/ कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार लंगेह ने मोहर्रम का त्यौहार होने के उपलक्ष्य में जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त की है। कलेक्टर ने बैकुण्ठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह को थाना बैकुण्ठपुर एवं चरचा, तहसीलदार श्री ओ0पी0 सिंह को चौकि पोड़ी (बचरा), तहसीलदार श्री उमेष कुमार कुषवाहा को थाना पटना, नायब तहसीलदार पटना श्रीमती मोनल साय को कटकोना पण्डोपारा चौकी तथा प्रभारी तहसीलदार सोनहत श्री परमानंद कौषिक को थाना सोनहत एवं चौकी रामगढ़ के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इस दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैकुण्ठपुर/सोनहत अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे।

अब तक 738.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

कोरिया। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 12 जुलाई तक 738.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुण्ठपुर में 107.3, सोनहत में 195.3, पटना में 322.4 एवं पोड़ी बचरा में 113.6, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुण्ठपुर में 7.4, सोनहत में 20.3, पटना में 1.5 एवं पोड़ी बचरा में 1.6, मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

सड़कों के आसपास मौजूद आवारा पशुओं से हो रही घटनाएं, कोर्ट ने मांगा जवाब

कोरिया/बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में आवारा कुत्तों और गाय को रोड पर होने के कारण पेश किए गए जनहित याचिका की सुनवाई 8 जुलाई 2024 को की गई. इस याचिका में चिरमिरी निवासी राजकुमार मिश्रा हस्तक्षेप याचिकाकर्ता है दूसरे अन्य अधिवक्ताओं के साथ हस्तक्षेप याचिकाकर्ता राजकुमार मिश्रा को भी व्यक्तिगत रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना गया।

आवारा पशुओं के निराकरण और व्यवस्थित किये जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल के न्यायालय में सुनवाई हुई. इस सुनवाई में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति पशुओं के सड़क पर होने उनके कारण दुर्घटनाएं होने, जिससे पशुओं का मृत्यु होना और वाहन चालकों का मृत्यु और दूसरे अन्य तरह से चोटिल होने के संबंध में बड़े चिंतित नजर आए. उनके बातों में स्थाई रूप से कुछ न कर पाने की पीड़ा साफ दिखाई दे रहा था। बता दें कि मुख्य न्यायमूर्ति के न्यायालय से आवारा पशुओं के संबंध में पूर्व में कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश एवं आदेश जारी किए गए हैं यथासंभव राज्य सरकार इसका पालन भी कर रही है किंतु यह समस्या आम जनता के सहयोग के बिना पूरा होता नजर नहीं आ रहा है. उन्होंने अपने आदेश में इस सुनवाई के पूर्व ही 7 जुलाई 2024 को टाइम्स आफ इंडिया में छपे 15 गाय की मृत्यु और तीन लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने का उल्लेख किया है. 8 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्याय मूर्ति के अगुवाई वाली खंडपीठ से इस प्रकार आदेश पारित किया गया है. इस न्यायालय द्वारा पारित 09.04.2024 के आदेश के अनुपालन में, राज्य ने 04.07.2024 को एक हलफनामा दायर किया है, जिसकी पुष्टि अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच सर्कल, जिला-बिलासपुर द्वारा की गई है, जिसे तत्काल संदर्भ के लिए नीचे उद्धृत किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव द्वारा 27.06.2024 को एक संयुक्त बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सचिव, लोक निर्माण विभाग, सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, संचालक, पशुपालन, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर विकास

प्राधिकरण तथा कलेक्टर, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ एवं कोरबा उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग पर आवारा पशुओं की समस्या, दुर्घटनाओं को रोकने एवं सड़कों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा की गई। सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य की महत्वपूर्ण सड़कों को विभिन्न खंडों में विभाजित किया गया है. 27.06.2024 की बैठक में सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने, सड़कों के खंडों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने पर जोर दिया गया। सड़कों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए राज्य में सड़कों के 7 खंड चिह्नित किए गए हैं तथा प्रत्येक सड़क खंड के लिए कार्य पर चर्चा की गई है. यह उल्लेख करना समीचीन होगा कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए सड़कों का निरंतर निरीक्षण एवं निगरानी की जाएगी तथा प्रत्येक विभाग को अपनी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने तथा आवारा पशुओं की संख्या को न्यूनतम करने के लिए उक्त मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त हलफनामे के अवलोकन से हम पाते हैं कि यद्यपि आवारा पशुओं की समस्या को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं, तथा इस समस्या को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यद्यपि इस न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शहरों के राजमार्गों और सड़कों पर आवारा पशुओं के बैठने/आने की समस्या को रोकने के लिए नियमित अंतराल पर आदेश पारित किए गए हैं और संबंधित हितधारकों द्वारा प्रयास भी किए गए हैं, लेकिन हाल ही में, 7 जुलाई, 2024 को प्रकाशित समाचार में देखा गया है कि तिल्दा ब्लॉक के किरना क्षेत्र में अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना में 15 गायों की मौत हो गई और 3 घायल हो गईं और ग्रामीणों ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया। याचिकाकर्ता के एक वकील द्वारा उक्त समाचार क्लिपिंग इस न्यायालय के समक्ष पेश की गई. इसके अलावा यह भी देखा गया है कि बारिश के मौसम के कारण आवारा गायें सड़कों और राजमार्गों पर बैठी रहती हैं और पशुओं के साथ-साथ सड़कों पर जाने वाले मनुष्यों की मृत्यु को रोकने के लिए हितधारकों द्वारा जो कदम उठाए गए हैं, वे अधिक प्रभावी नहीं पाए हैं. इसे देखते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि राज्य के मुख्य सचिव पूरे राज्य के जिलों के सभी हितधारकों को आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करेंगे, जिसमें राज्य/जिला प्रशासन के अधिकारी और नगर निगम के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। नगर पालिका निगम के आयुक्तों और राजमार्गों और सड़कों के निकटवर्ती गांवों की ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया गया है कि वे सड़कों और राजमार्गों पर आवारा पशुओं के आने के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, जो सड़क पर चलते वाहनों के कारण मौत का सामना भी करते हैं और सड़क पर बैठे पशुओं के कारण दुर्घटनाएं भी होती हैं और मानव जीवन को भी नुकसान होता है, ऐसा न करने पर उन हितधारकों की जवाबदेही तय की जाएगी जिनके क्षेत्र में ऐसी दुर्घटना/घटना होती है और कानूनी परिणाम भी भुगतने होंगे उपरोक्त के मद्देनजर मामले को 5 अगस्त, 2024 को फिर से सूचीबद्ध किया जाए।

धरती माँ का श्रृंगार और हरियाली का जतन:एक पेड़ माँ के नाम

कोरिया बैकुंठपुर। भारतीय संस्कृति में माँ सदैव पूजनीय रही हैं। माँ की महिमा को अलग-अलग धर्मों में विभिन्न तरीकों से वर्णित किया गया है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों देशवासियों से आव्हान किया है कि आओ, माँ के नाम एक पेड़ लगाएं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुधारना और धरती माँ को हरियाली से सजाना है।

भारत भूमि पर पेड़-पौधों का महत्व हमारे धर्मग्रंथों में व्यापक रूप से वर्णित है। जिस तरह अलग-अलग अंचलों में विभिन्न बोली-भाषाओं का चलन है, उसी प्रकार यहाँ विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे भी पाए जाते हैं। प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस पहल को साकार करने के लिए हर व्यक्ति माँ के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए। धरती माँ का श्रृंगार हरियाली में निहित है। हमारी धरती को माँ के रूप में माना गया है और माटी को भी माँ का दर्जा दिया गया है। छत्तीसगढ़ को प्रकृति ने अनुपम सौगात दी है, जहाँ लगभग 44

प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। सरगुजा संभाग हरियाली का मुकुट धारण किए हुए है और बस्तर अंचल हरियाली के श्रृंगार से सजा हुआ है। यहाँ के मोहला और गरियाबंद के जंगल भी मानव मन को मोह लेते हैं। इस समय प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम पर वन विभाग सहित शासकीय, अशासकीय संस्थाओं और समितियों द्वारा पौधारोपण जोर-शोर से किया जा रहा है। धरती को उर्वरा, मौसम को खुशनुमा, स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण रहित हवा, जलस्रोत को बढ़ावा और जल-जमीन-जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी हम सबकी सहभागिता से पूरी होगी। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए हमें एक पेड़ माँ के नाम को अपनाना होगा। परिवार के हर सदस्य को एक पौधा रोपण करने की आवश्यकता है और छोटे बच्चों की तरह देखभाल करनी होगी। जब यह पौधा पेड़ बनेगा, तो यह प्राणवायु के साथ फल देगा, माँ के आँचल की तरह इसके पत्ते लहलहाएँगे, पेड़ों में चिड़ियों का वास होगा और उनकी चहचहाहट सुनने को मिलेगी। इससे वर्तमान और नई पीढ़ी पेड़-पौधों की महत्ता को समझ सकेगी। आओ, हम सब मिलकर इस पहल में भाग लें और धरती माँ को हरियाली का श्रृंगार पहनाएँ। एक पेड़ माँ के नाम लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाएँ। इससे न केवल धरती हरी-भरी होगी, बल्कि हमारा भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।

कलेक्टर ने आरटीई के तहत दाखिल बच्चों के साथ भेदभाव नहीं करने पर दिया जोर

कोरिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने समिति के उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में आरटीई अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में दाखिला पाने वाले विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा पूरी होने तक विद्यालयों में बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। आरटीई पोर्टल में लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने और उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न होने देने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे भेदभाव करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों को आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने कहा कि पालकों, शिक्षकों, और संचालकों के बीच आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए संवाद आवश्यक है। किसी भी समस्या के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुए उन्होंने निजी स्कूलों में बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न होने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिला है। बच्चों की भावनाओं और शिक्षा के अधिकार का सम्मान करते हुए बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही आम लोगों के बीच शिक्षा के अधिकार के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुण्ठपुर मनीष वारे, सहायक आयुक्त आ.ज. विकास श्रीमती उषा लकड़ा, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा संजय सिंह, प्राचार्य शा.आ.कन्या उ.मा.वि. बैकुण्ठपुर अमृत लाल गुप्ता, पालक मंटू दास सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में रिकॉर्ड 10 हजार लोगों ने 90 हजार पौधे रोपे

मनेंद्रगढ़। 11 जुलाई को एक पेड़ माँ के नाम के तहत मनेंद्रगढ़ ज़िले में रिकॉर्ड 90 हज़ार पौधों का रोपण हुआ। इसके लिए सभी स्कूलों और सरकारी संस्थानो को चुना गया।पौधारोपण के लिए हर एक गाँव के स्कूल, आँगनवाड़ी,पंचायत भवन,कर्मचारी क्वार्टर्स कैंपस से लेकर बड़े प्राइवेट कैंपस को भी चुना गया।सिर्फ़वही सरकारी संस्थान बच गये जिनमे सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल नहीं है।लगभग 80त्न सरकारी बिल्डिंग में वहाँ के स्कूली बच्चो और कर्मचारियों के द्वारा अपने माँ के नाम पौधे लगाया गया।ज़िले के सभी स्कूलों में छोटे बच्चो के हाथों में माननीय प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री और वनमंत्रीजी का फ्लेक्स देखा जा सकता था।सभी ने पौधे लगाकर उसका सुरक्षा का वादा किया। DFO मनीष कश्यप ने बताया कि पौधे फ़ॉरेस्ट स्टाफ के मार्गदर्शन में लगाया गया।

मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित

कोरिया। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले में मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें तथा मद्य भण्डागार पूर्णत: बंद रहेगा। इस दिन मदिरा विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णत: बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस की परामर्शदात्री एवं कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न

सूरजपुर। डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) की अध्यक्षता में शुक्रवार, 12 जुलाई 2024 को जिला स्तर पर गठित परामर्शदात्री एवं कल्याण समिति की बैठक जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस कल्याण की दिशा में जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है और जवानों के वेलफेयर के लिए सदैव गंभीरता से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कल्याण के लिए आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है जिनमें प्रमुख रूप से पुलिस लाईन में कैन्टीन खोलने, जवानों के परिजनों को सूखा राशन उपलब्ध कराने ग्रेन शॉप खोलने, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने पुलिस अस्पताल की व्यवस्था, डॉक्टर की उपलब्धता, पुलिस लाईन में वेल्डिंग, स्प्रे पेटिंग व हवा भरने की मशीन स्थापित कराने तथा पुलिस परिवार व उनके बच्चों के लिए ओपन जीम की स्थापना प्रमुख रूप से शामील है। इस अवसर पर डीआईजी एवं एसएसपी श्री एम.आर.आहिरे ने रक्षित निरीक्षक को पुलिस कल्याण पेट्रोप पम्प का शुभारंभ शीघ्र-अतिशीघ्र कराने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्यों के द्वारा पुलिस वेलफेयर के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए जिस पर कार्यवाही हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर को प्रस्ताव भेजी जायेगी।

जल शक्ति से नारी शक्ति पर काम, आंगनबाड़ियों में लगाए गए पौधे

कोरिया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में सोनहत विकासखण्ड के ग्राम घुघर में आयोजित जल शक्ति से नारी शक्ति का शुभारंभ किया गया। महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करते हुए श्री लंगेह ने आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में माँ के नाम एक पेड़ योजना के तहत उपस्थित ग्रामीण महिलाओं के हाथों फलदार पौधा रोपण कराया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जल शक्ति और नारी शक्ति एक सिक्के के दो पहलू हैं।

पानी का सही उपयोग, उसकी संरक्षण, उपयोगिता और नई पीढ़ी के लिए पानी की महत्ता को महिलाएं ही बेहतर समझती हैं क्योंकि सुबह से लेकर देर रात तक और रसोई से लेकर खेती तक पानी का उपयोग करती हैं। श्री लंगेह ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए घर में सभी सदस्यों को जागरूक करना होगा। नल चालू करने के बाद उसे बंद करना नहीं भूलना चाहिए, जितनी पानी की जरूरत हो उतना ही उपयोग करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना, महतारी वन्दन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री सुपोषण सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभाग से संपर्क करने का आग्रह किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को घर-घर पम्पलेट देकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एक ग्रामीण महिला ने जल की महत्ता और पेड़ की उपयोगिता के बारे में आम लोगों को शपथ दिलाई। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने पानी की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक पानी की उपयोगिता और महत्व को समझना होगा। इसलिए पानी और पेड़ को बचाने के लिए हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार खलको ने बताया कि मैदानी स्तर के सभी अमलो को महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभार्थी महिलाओं, महिला समूहों, महिलाओं एवं किशोरियों को शामिल करते हुए जल संरक्षण व स्वच्छता का महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती शशि जायसवाल ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को बताया कि पौधे फॉरेस्ट स्टाफ के मार्गदर्शन में लगाया गया।

मेधावी छात्रों का सम्मान 15 जुलाई को

कोरबा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा वर्ष 2023 24 की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हायर सेकंडरी विद्यालय बोइदा के छात्र-छात्राओं का सम्मान 15 जुलाई को इसी परिसर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन इस कार्यक्रम का आयोजक है। कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय की कक्षा आठवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बोइदा, मुरली, झांझ सहित नोडल केंद्र के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर उपाध्याय और पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा के अतिथि में आयोजन सुबह 11 बजे होगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज चौबे ने बताया कि क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं।

एक्सीलेंस अवार्ड मिला डॉ. नागेंद्र शर्मा को



कोरबा। लायंस डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टीपल अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर में किया गया। जिसमें डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वर्ष 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को एक्सीलेंस अवार्ड से 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन आशीष अग्रवाल ने उनके उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिये मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उनके होमक्लब लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट को सत्र 2023-24 में डायबिटीज के अंतर्गत उत्कृष्ट सेवा कार्यों हेतु डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की डायबिटीज की माइक्रो चेयरपर्सन लायन रंजना महावर ने सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड से सम्मानित किया। एवं क्लब अध्यक्ष, रीजन जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन शिव जायसवाल को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया

सुआमुंडी ने बिगाड़ी चार लोगों की हालत, अस्पताल में उपचार जारी

उपयोग करने के बाद लगातार उल्टी ने डराया

कोरबा। बारिश के मौसम में लोगों को खानपान और जीवनशैली के मामले में सतर्क रहने की जरूरत है। डॉक्टर बार-बार इसे लेकर सलाह दे रहे हैं। जरा सी लापरवाही से लेने के देने पड़ सकते हैं। हरदीबाजार क्षेत्र में सुआमुंडी खाने का लालच चार लोगों को भारी पड़ गया। स्थिति बिगड़ने पर इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर पीड़ितों पर नजर रखे हुए हैं।

कोरबा जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले हरदीबाजार का यह मामला है। यहां की पुरानी बस्ती में रहने वाले हरिशचंद्र मिरी के परिवार में पुटू की प्रजाति सुआमुंडी खाने के चक्कर में फूड प्वाइजनिंग हो गई। चार लोग इसके दायरे में आए। इनके नाम संगीता मिरी, प्रेमलता मिरी, चंपा मिरी और मुकेश मिरी बताए गए। खबर के अनुसार शुक्रवार की रात 8 बजे के आसपास इन लोगों ने सुआमुंडी की सब्जी और चावल का उपयोग किया था। बारिश के दिनों में पैरा और जंगली पुटू की कई वेरायटी बाजार में हैं और लोग इसका स्वाद लेने के लिए मुंह मांगी कीमत देने को तैयार हैं। पुटू की पहचान ठीक तरह से नहीं होने के कारण आपात स्थिति उत्पन्न हो रही है और फिर इसकी बड़ी

कीमत भी चुकानी पड़ रही है। मिरी परिवार के यहां भी ऐसा ही हुआ। बताया गया कि भोजन करने के कुछ देर के बाद ही संबंधित लोगों को बेचैनी महसूस हुई। उन्होंने घबराहट की शिकायत की और फिर इसके कुछ देर के बाद उन्हें उल्टी होना शुरू हो गई। खास बात यह है कि जिन सदस्यों ने सुआमुंडी की सब्जी खाई थी उनके साथ ही ऐसा हुआ। इस घटनाक्रम से यहां हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। पड़ोसियों और परिचितों को इसकी जानकारी दी गई। घरेलू तरीके से स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास हुआ जो असफल रहा। बताया गया कि रात्रि 3 बजे के आसपास पीड़ितों को हरदीबाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मेडिकल टीम ने जीवन रक्षक दवा और ओआरएस देने के साथ उपचार जारी रखा। आज सुबह तक इन सभी पर निगरानी रखी गई। पूछताछ में यही बात सामने आई कि पुटू की सब्जी के चक्कर में यह सब हुआ है। कयास लगाया जा रहा है कि पुटू के विषाक्त होने से समस्या हुई।

एक हजार रुपए किलो तक पहुंची कीमत

वर्तमान में बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों से सफेद, मटमैला और भूरे रंग वाला पुटू पहुंच रहा है। इसके चाहने वाले भी कम नहीं हैं जो बराबर इसकी जानकारी हासिल करते रहते हैं। खरीदी पर भी उनका ध्यान है। जानकारों ने बताया कि पैरा पुटू के रेट एक हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं जबकि जंगल में उत्पन्न होने वाले पुटू 400 से 600 रुपए प्रति किलो की दर पर उपलब्ध है। विक्रेता इस बात को जानते हैं कि अब शॉपिंग मॉल में भी उनका सामान खूब बिक रहा है इसलिए वे मोल भाव करने पर कोई समझौता नहीं कर रहे हैं।

मार्कोलॉजी की जानकारी जरूरी

खानपान का शौक रखना अच्छी बात हो सकती है लेकिन यह भी जरूरी है कि लोग जो कुछ खा रहे हैं उसके बारे में क्या जानकारी है। खासतौर पर बारिश के मौसम में होने वाले सब्जियां और इनके दूसरे विकल्प में कई प्रकार के जटिलताएं होती हैं। जहां तक मशरूम या पुटू का सवाल है उसकी बनावट को ठीक से पहचानने के लिए मार्कोलॉजी सबसे अहम होता है। इसके जरिए जाना जा सकता है कि कौन सी प्रजाति सामान्य है और कौन सी आपको नुकसान पहुंचा सकती है। पहचान न होने पर उपयोग से लोगों को बचना होगा।

-डॉ. संदीप शुक्ला, वनस्पति शास्त्री

रूठे मेघों को मनाने जतन

लोगों की चिंता इस बात को लेकर रहेगी आखिर बारिश के मौसम में मेघ क्यों रूठ गए हैं? उनकी कृपा मनुष्य के साथ-साथ पशु पक्षियों और खेतों को चाहिए ही है। आषाढ़ का दूसरा पखवाड़ा राहत देने वाला रहा लेकिन उसके बाद सब कुछ गायब सा है। प्रकृति को आकर्षित करने और अपनी कृपा बरसाने के लिए आरएन पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाएं इंद्रधनुषी अंदाज में उपस्थित हुई। और भी क्षेत्र में मेघ को मनाने के लिए कोशिश हो रही है।

फत्तेपुर से दंतैल पहुंचा गीतकुंआरी, किया गया अलर्ट

कोरबा। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंआरी में दंतैल हाथी की इंट्री के बाद ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। हालांकि दंतैल ने यहां आने के बाद कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्कता बरत रहा है। गीतकुंआरी व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है जहां दंतैल की इंट्री धरमजयगढ़ वनमंडल के फतेपुर से हुई है। वहीं कुदमुरा के जंगल में 31 हाथी अभी भी डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का यह दल यहां के कक्ष क्रमांक पी-1140 में लगभग एक सप्ताह से डटे हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 7 नर, 15 मादा के अलावा 9 शावक भी शामिल हैं। दल में शावकों के होने के कारण हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। दिन-रात जंगल में जमे हुए हैं। हाथियों की निगरानी वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है।

प्रथम प्रयास में आदित्य ने सीए फाइनल निकाला, देश में 41वीं रैंक

कोरबा। दृढ़ निश्चय और सच्ची लगन होने पर सफलता बहुत दूर नहीं होती। कोरबा के आदित्य मोदी ने इसे सच कर दिखाया। वे सीए के फाइनल एग्जाम में सफल हुए हैं। देश में अंडर 50 रैंक पाने के साथ उन्होंने गौरव बढ़ाया है।

वासन चाल कोरबा निवासी स्व. श्री बजरंग प्रसाद मोदी (बंटू मोदी) के पुत्र आदित्य मोदी ने चार्टर्ड एकाउंटेंट के प्रथम प्रयास में ही फाउंडेशन, इंटरमिडियेट और अब फाइनल में 600 में 424 अंक प्राप्त किया। उनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 41वीं आई है। वे इस मामले में भाग्यशाली रहे और दूसरों के लिए प्रेरणाश्रोत। पिता के स्वर्गवास के बाद परिवार के सामने आगे बढ़ने के लिए कठिन परिस्थितियां थीं। इस दौरान उन्होंने अपनी पढ़ाई पर न केवल ध्यान दिया बल्कि पारिवारिक दायित्वों को भी पूरी जिम्मेदारी से लिया। माता श्रीमती लक्ष्मी मोदी और बड़ी बहन आर्किटेक्ट + इंटिरियर डिजाइनर मुस्कान मोदी के साथ घर पर ही रहकर कठिन परिश्रम किया। परिजनों के प्रोत्साहन और उनके आशीर्वाद से उसे यह सफलता मिली।

बिना दस्तावेज के गाड़ी चलाने पर कार्रवाई

कोरबा। ट्रैफिक नियमों के परिपालन को लेकर कोरबा जिले में लगातार काम हो रहा है। बालको नगर थाना की रजगामार चौकी के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाने के साथ वाहन चालकों की जांच पड़ताल की गई। सब इंस्पेक्टर महा सिंह धुर्वे ने बताया कि इस दौरान 20 वाहन चालक बिना दस्तावेज के मिले। उनके इस व्यवहार को नियमों की अपेक्षा माना गया। इन मामलों में इस तरह से तैयार किया गया है और आज इसे अगली कार्रवाई के लिए लोक अदालत में रखा जाएगा, जो आज कोरबा में आयोजित है। चौकी प्रभारी ने बताया कि वाहन चालकों को नियमों का निष्ठा के साथ पालन करने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अतिक्रमण हटाने नोटिस

कोरबा। कटघोरा में कन्या विद्यालय के सामने अवैध रूप से दुकानें लगाए जाने से दिक्कतें हो रही हैं। विद्यालय लगने और छूटने के समय गलत कमेंट होने से छात्राएं परेशान हैं। टीआई ने नगर पालिका को नोटिस भेजकर यहां से अतिक्रमण हटाने को कहा है।

पेंडेंसी कम करने लोक अदालत का विकल्प, मामले निराकृत

कोरबा। अलग-अलग श्रेणी के मामलों के दबाव से अदालतें लगातार मुश्किल में है। ऐसे लंबित प्रकरणों को निपटाने के लिए लोक अदालत का विकल्प शुरू किया गया है। कोरबा में आज लोक अदालत लगी जिसमें काफी संख्या में प्रकरण रखे गए, जिनमें समझौता की उम्मीद है।

विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत का आयोजन यहां किया गया। इसमें दावा क्षतिपूर्ति, सिविल, बिजली बिल बकाया, चेक बाउंस के अलावा अन्य ऐसे मामले रखे गए जिनका निपटारा दोनों पक्षों की सहमति से हो सकता है। प्रकरणों के निपटारे के लिए अदालत परिसर में कई पीठ बनाई गई और उक्तानुसार जरूरी व्यवस्था की गई।

लोक अदालत के अवसर पर हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश गौतम भादुड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि कोर्ट में कई कारणों से प्रकरण अधिक समय से लंबित रहते हैं। ऐसे में कई प्रकार की समस्याएं होती है। इनका शीघ्र निराकरण करने की मंशा के साथ यह कोशिश की गई है। उन्होंने लोक अदालत में निराकृत मामलों के महत्व और आगे कहीं भी उसे चुनौती नहीं दिए जा सकने संबंधित जानकारी भी दी।

एक पेड़ मां के नाम : वन विभाग ने लगाए विभिन्न स्थानों पर पौधे

कोरबा। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान के तहत कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा स्थित एसडीएम कार्यालय सहित अनेक स्थानों पर पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम के अलावा रेंजर देवदत्त खांडे, उनके स्टाफ सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने पेड़ लगाने के साथ ही इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। रेंजर श्री खांडे ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया है और भारत तथा विश्व के लोगों को इस वर्षा ऋतु में अपनी मां को श्रद्धांजलि स्वरूप एक पौधा लगाने का आह्वान किया है। श्री मोदी के आह्वान पर महा अभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग बड़ी संख्या में पौधे लगा रहा है और एक जुलाई से पौधों का नि:शुल्क वितरण भी कर रहा है।

सत्यापन के दौरान बन रही विचित्र स्थिति

सभी यूनियन अपने पाले में खींचने कर रहे जतन

कोरबा। एसईसीएल में श्रमिक संगठन के सदस्य सत्यापन करा रहे हैं। सत्यापन के दौरान अजीबो-गरीब स्थिति पैदा हो जाती है। जब कोयला कामगार सत्यापन के लिए पहुंचते हैं तो चारों संगठन के लोग उन्हें बुलाने लग जाते हैं। तब वह समझ नहीं पाता कि किधर जाएं, इसके बाद भी वह चारों संगठन के लोगों से मिलने का प्रयास करता है और फार्म जमा करने के बाद वापस लौट जाता है। पिछले दिनों जीएम ऑफिस क्षेत्र सुराकछार व कुसमुंडा में सत्यापन का कार्य हुआ है। जीएम शाखा में एसकेएमएस के कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह, एसईकेएमसी के नवीन सिंह, मनोज कठेरिया, एचएमएस के भुनेश्वर कश्यप व बीएमएस के कार्यकर्ता कामगारों को अपने साथ रखने का प्रयास करते रहे। इसी तरह सुरकछार व कुसमुंडा में भी अपने संगठन में जोड़ने का प्रयास किया गया। एसकेएमएस में मनीष सिंह अध्यक्ष व महामंत्री धर्मा राव बनाए गए हैं। इनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने किले को सुरक्षित रखना है क्योंकि कोरबा एरिया में एसकेएमएस प्रथम स्थान पर आता रहा है। इस बार उन्हें एसईकेएमसी के गोपाल नारायण सिंह, किशोर सिन्हा, संदीप चौधरी चुनौती दे रहे हैं। एसईकेएमसी ने कई इकाईयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। केएसएस के अनूप सरकार, जनाराम कर्ष, साजी जॉन ने पहले से ही अपने क्षेत्रों में सदस्य बना चुके हैं। इनके सामने अपने लोगों को अपने साथ रखने के लिए कुसमुंडा में बीकेकेएमएस सबसे आगे रहा है। यहां पर उन्हें एसईकेएमसी से चुनौती मिल सकता है। बीकेकेएमएस के टिकेश्वर राठौर, अमिया मिश्रा, जसवंत साहू, हिरेंद्र चंद्रा लगातार सक्रिय रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एसईकेएमसी के ए.के.अंसारी, निर्मल चंद्रा, राजू सोनी, हारून रसीद, बी.डी.महंत सहित सभी कार्यकर्ता लगातार मेहनत कर रहे हैं। गेवरा और दीपका में एचएमएस प्रथम आता रहा है। यहां पर रेशमलाल यादव, शेख चांद मंसूरी, गिरजा साहू, तरूण राहा काफी मेहनत कर रहे हैं। उन्हें एसईकेएमसी व एसकेएमएस से चुनौती मिल रहा है। एसकेएमएस के दीपक उपाध्याय, हर नारायण केशरवानी, कृपाल जायसवाल, एसईकेएमसी के गोपाल यादव, विकास शुक्ला, राहुल मिश्रा, छंदराम राठौर सहित सभी कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं। दीपका में एसईकेएमसी के संजीव शर्मा, सतीश सिंह, रामकुमार कौशिक, विजय प्रसाद भी लगातार मैदान में हैं।

बिजली कटौती व शुल्क बढ़ोत्तरी पर धरना

कोरबा। पिछले दिनों बांकी ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेसियों ने बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी व बिजली कटौती को लेकर बांकी चौक में धरना दिया। इस दौरान टिकाराम मनहर, प्रदीप अग्रवाल, राजेश मानिकपुरी, परमानंद सिंह, नवल किशोर पंडित, फिरोज अनंत, रूपा मनहर, धर्मेन्द्र गजभिए सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। दीपका में भी ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरने पर बैठे। इस दौरान प्रशांति सिंह, तनवीर अहमद, विशाल शुक्ला, मार्सल एंथोनी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

समस्याओं को सामने रखा

कोरबा। कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात करते हुए समस्याओं को सामने रखा। विकास शुक्ला के साथ राहुल राव, प्रकाश सिंह व दीपचंद केशरवानी मिलने के लिए रायपुर गए हुए थे। इस दौरान इन कार्यकर्ताओं ने दीपक बैज को जन्मदिन पर शुभकामनाएं भी दी।

गेवरा संकुल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

न्यौता भोजन भी

कोरबा। गेवरा संकुल अंतर्गत सम्मिलित 9 विद्यालय के सामूहिक तत्वाधान में संकुल केंद्र, माध्यमिक शाला गेवरा बस्ती के प्रांगण में शाला प्रवेश उत्सव, न्यौता भोजन एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष राठौर(विधायक प्रतिनिधि) एवं विशिष्ट अतिथि अजय प्रसाद (वार्ड पार्षद) के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों एवं पालकों के स्वागत सम्मान के पश्चात संकुल के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी के नव- प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर मुंह मीठा करा कर आत्मीय स्वागत किया गया, साथ ही सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पाठ्य- पुस्तक एवं गणेश का वितरण

किया गया इस दौरान संकुल के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि संतोष राठौर के द्वारा बच्चों को दिए गए माननीय विधायक महोदय के शुभकामना संदेश का वाचन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों एवं बालकों ने विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर न्यौता भोजन किया, भोजन पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पालकों, शिक्षकों एवं सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के द्वारा माध्यमिक शाला गेवरा बस्ती के प्रांगण में बादाम, नीम, गुलमोहर, करंज एवं महोगनी के 25 पौधों का रोपण किया गया। इन सभी पौधों की सुरक्षा के लिए पार्षद अजय प्रसाद के द्वारा ट्री गार्ड प्रदान करने की घोषणा की गई साथ ही उपस्थित अन्य अतिथियों के द्वारा भी स्वेच्छा पूर्वक ट्री गार्ड के लिए राशि प्रदान की गई। संकुल गेवरा के इस बहुउद्देशीय आयोजन में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ ही राजेश पटेल युवा नेता, पप्पू महाजन, दिलीप दास, रितेश, श्रवण यादव, रमेश दास, कन्हैया यादव, रामायण बिंझवार एवं महिला मंडल की सदस्या मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन संकुल प्राचार्य गोपाल कंवर के कुशल मार्गदर्शन में घनश्याम प्रसाद रस्तोगी- संकुल समन्वयक ,अरविंद सिंह -प्रधान पाठक, निरणेजक - प्रधान पाठक, ईश्वरी तिवारी- प्रधान पाठक,अनीता राजे-प्रधान पाठक, सरिता आदिले-प्रधान पाठक,इंद्राणी पांडे एवं सूरज कैवर्त- मंच संचालन प्रभारी, रवि शंकर बघेल ,विजय कुर्रे एवं चंद्रा मैडम- न्यौता भोजन प्रभारी, जया वैष्णव एवं राधा कश्यप- साज-सज्जा प्रभारी तथा मृगेंद्र प्रताप सिंह एवं अभय कुमार यादव एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रभारी, साथ ही संकुल के अन्य सभी शिक्षक एवं समूह के सदस्यों के सहयोग से संपन्न कराया गया।

आवश्यकता है
गैस एजेंसी में करने हेतु लेबर एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें :-
श्री बालाजी गैसस
इ. एरिया, कोरबा
मो.-9907904651

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com